दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 138
कोटद्वार गुरूवार
14 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## अयोध्या : श्री रामजन्मभूमि की खुदाई के दौरान मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष, कई मूर्तियां और शिवलिंग भी शामिल

**अयोध्या ,(एजेंसी)।** श्री रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण आखिरी चरण में है। इस दौरान खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। इस बारे में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने एक फोटो शेयर की जिसमें ये अवशेष इक्ा करके रखे गए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, श्री रामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष। इसमें अनेकों मूर्तियाँ और स्तंभ शामिल हैं। हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी अभी नहीं दी गई है।इसमें प्राचीन मूर्तियों के अवशेष, प्राचीन मंदिर के स्तंभ, शिवलिंग के अवशेष और अन्य पत्थर शामिल हैं। ये सभी अवशेष मंदिर परिसर में सुरक्षित रखे गए हैं। रामलला के दर्शन करने आने वाले भक्तों को ये अवशेष देखने का भी मौका दिया जा ता है।

## राष्ट्रपति ने किया गांधीनगर, गुजरात से "आयुष्मान भव" अभियान का वर्चुअली शुभारंभ

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को गांधीनगर, गुजरात से ''आयुष्मान भव'' अभियान का वर्चुअली शुभारंभ किया। आयुष्मान भव अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति कवरेज प्रदान करना है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक ''सेवा पखवाड़ा'' के दौरान चलाया जाएगा। आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयुष्मान–आपके द्वार 3.0, स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान सभाओं का आयोजन और हर गांव व पंचायत में आयुष्मान मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के कवरेज को अधिक से अधिक करना है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से माननीय राज्यपालों, माननीय मुख्यमंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विभिन्न क्षेत्रों से संबद्ध अधिकारियों ने वर्चुअली प्रतिभाग किया।



### ''आयुष्मान भव'' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर राजभवन में हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित

''आयुष्मान भव'' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम राजभवन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मौजूद रहे।

राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निःक्षय मित्र बनकर रोगियों की मदद करने वाली 05 संस्थाओं, एक्शन फॉर एडवांस डवलपमेंट सोसायटी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड उत्तराखण्ड, द हिमालयन वेलनेस कंपनी, बालाजी सेवा संस्थान उत्तराखण्ड और लायंस क्लब देहरादून को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

## हिंदी देश की एकता और अखंडता का आधार : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी देश की भाषा ही उसकी संस्कृति एवं परम्पराओं से जोड़ने में मददगार होती है। हिन्दी मात्र भाषा ही नहीं है बल्कि हमारी सभ्यता व संस्कृति की भी पहचान है। हिन्दी देश की एकता एवं अखंडता का भी आधार है। हिंदी एक उदार, ग्रहणशील और सहिष्णु भाषा तो है ही, ये भारत की राष्ट्रीय चेतना की संवाहिका भी है। यह हमारी परंपराओं और हमारी विरासत का बोध कराने वाला एक सतत अनुष्ठान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी वैचारिक निष्ठा हिन्दी के प्रति रही है। आज आधिकारिक मंचों से लेकर शिक्षा तक में हिंदी को अभूतपूर्व स्थान दिया जा रहा है। हिंदी के गौरव को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। हिंदी के विकास के लिए जब हम सभी मिलकर कार्य करेंगे, तभी हिन्दी को अपेक्षित सम्मान प्राप्त होगा।

### सनातन पर बीजेपी का विपक्ष पर हमला, पात्रा बोले

## सोनिया गांधी ने रची 'हिन्दुत्व की हत्या' की साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी गठबंधन को 'एंटी हिन्दू कोऑर्डिनेशन कमेटी' का नया नाम देते हुए बुधवार को कहा कि ये 26 दल मिल कर हिन्दुओं और सनातन धर्म को मिटाने को लेकर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं जिसकी साजिश कांग्रेस नेता सोनिया गांधी बहुत पहले ही रच चुकी हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि आज एंटी हिन्दू कोऑर्डिनेशन कमेटी यानी एएचसीसी की बैठक हो रही है, जिसमें हिन्दू धर्म को समाप्त करने को लेकर चर्चा होनी है। कहा जा रहा है कि 26 दल लोकसभा चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर बात करेंगे, लेकिन वे पार्टियां तो पहले से ही बंटी हुईं हैं तो इस बैठक में प्रचार, घोषणापत्र या सीट बंटवारे की कोई बात कैसे होगी। वे सिर्फ एक मकसद के लिए एकजुट हैं कि



कैसे हिन्दू धर्म को समाप्त किया जाए।

डॉ. पात्रा ने कहा कि इसके कुछ नेता डेंगू, मलेरिया, कोविड, कुष्ठ, एड्स आदि रोगों से सनातन धर्म की तुलना कर रहे हैं, जबकि हर रोग को ठीक करने की शिक्षा हिन्दू धर्म देता है।

विपक्षी गठबंधन का एक बड़ा नेता कह रहा है कि हिन्दू धर्म एक वैश्विक बीमारी है और इसे उखाड़ कर फेंक देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इस देश की मिट्टी के नहीं हो पाये, देश के गरीब के क्या हो पाएंगे।उन्होंने कहा कि यदि ऐसी बातें किसी अन्य पंथ के बारे में कुछ कहा जाता तो लोग संयुक्त राष्ट्र तक बखेड़ा खड़ा कर दिया गया होता। उन्होंने कहा कि ये सब एक सोची झ समझी 'डिज़ाइन' है। अनेक वर्षों से भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। राहुल गांधी ने विदेश में कहा कि देश को सिमी से नहीं, हिन्दुत्व से खतरा है। हिन्दुओं के संगठनों की तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड से करना , इसी सोची झ समझी साजिश का हिस्सा था।

संबित पात्रा ने कहा कि कोई कहता है कि राममंदिर के दर्शन के लिए आने वाले हिन्दुओं को गोधरा कांड की तर्ज पर जलाया जाएगा। राममंदिर के खिलाफ बयानबाजी हो रही है। तिलक लगाने और स्वास्तिक चिह्न के बारे में बोला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कि श्रीमती सोनिया गांधी ने ही हिन्दुत्व की हत्या की इस साजिश को लिपिबद्ध किया है। उन्होंने कहा कि यह अधर्मी गठबंधन है , जो देश के मूल को मिटाना चाहता है।

## 15 सितंबर से शुरू नहीं हो सकेगी राफ्टिंग

### बढ़ रहा गंगा का जलस्तर, पानी भी मटमैला



**ऋषिकेश।** 15 सितंबर से राफ्टिंग का इंतजार कर रहे शौकीनों को अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। गंगा का पानी मटमैला और जलस्तर अधिक होने के कारण राफ्टिंग का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। 15 सितंबर को पर्यटन विभाग की टीम गंगा नदी का निरीक्षण करेगी। उसके बाद ही राफ्टिंग के संचालन को हरी झंडी मिलेगी। हर साल एक सितंबर से राफ्टिंग शुरू होती है, लेकिन इस साल गंगा का जलस्तर अधिक होने से अभी तक यह शुरू नहीं हो सकी है।

12 सितंबर को पर्यटन विभाग, गंगा नदी रीवर राफ्टिंग रोटेशन समिति, सिंचाई विभाग और आईटीबीपी के विभागीय अधिकारियों ने मरीन ड्राइव से लेकर तपोवन नीमबीच तक गंगा का निरीक्षण किया। दो राफ्ट और पांच सेफ्टी क्याक की मदद से टीम ने 24 किमी गंगा की रेकी की। टीम ने गंगा का जलस्तर के साथ ही विभिन्न रैपिड़ों का निरीक्षण किया। साहसिक पर्यटन खेल अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि गंगा का जलस्तर अभी बढ़ा हुआ है।

पानी बहुत मटमैला है। गंगा के लहरों में लकड़ी की डांटे बहकर आ रही हैं, जो सुरक्षात्मक दृष्टि से उचित नहीं है। मौसम विभाग की ओर से 16 सितंबर को येलो अलर्ट जारी किया है। जिसके चलते 15 सितंबर से गंगा में राफ्टिंग संचालित होना संभव नहीं है। 15 सितंबर को टीम एक बार फिर गंगा का निरीक्षण करेगी। उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

एक सितंबर से 31 जून तक गंगा में रीवर राफ्टिंग का संचालन होता है। जुलाई और अगस्त में बरसात को मौसम होने के कारण राफ्टिंग का संचालन बंद रहता है। वर्ष 2022–2023 में चार लाख 31 हजार 870 पर्यटकों ने राफ्टिंग का लुत्फ उठाया है। इनमें शिवपुरी क्षेत्र में 206586, ब्रह्मपुरी में 174857 और क्लब हाउस 50427 पर्यटकों ने राफ्टिंग की। लेकिन इस साल गंगा का जलस्तर अधिक होने से एक सितंबर से राफ्टिंग शुरू नहीं हो सकी है।

## आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड बनाने के लिए करने होंगे समन्वित प्रयास : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सुभाष रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में 17 व्यक्तियों और संस्थाओं को एसडीजी एचीवर अवार्ड से सम्मानित किया। जिसमें 12 संस्थाओं एवं 05 लोगों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिये सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करने होंगे। आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड बनाने के लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। बहुत सी संस्थाएं और व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे हैं। ये सभी राज्य के विकास के ब्राण्ड एम्बेसेडर हैं। उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिये हम सभी को मिलकर आगे बढ़ना है। इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाकर विकास जरूरी है। राज्य में सतत विकास लक्ष्य में बेहतर कार्य हो रहे हैं। एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए और प्रयासों की भी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिला को एसडीजी एचीवर अवार्ड से सम्मानित करते हुए।

उन्होंने जरूरत बताई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए जनपदों में प्रतियोगिता की भावना के दृष्टिगत इस वर्ष से ''एस0डी0जी0 एचीवर ट्रॉफी'' प्रदान की जायेगी, जिसमें सभी 13 जनपदों के विजेता एवं उपविजेता घोषित किये जायेंगे। एस.डी.जी. को पंचायत स्तर तक क्रियान्वित करने के लिए वर्ष 2030 तक 17 सितंबर से 23 सितम्बर तक एस.डी.जी सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें सभी विकासखण्डों, पंचायतों विद्यालयों, जनपदों एवं राज्य स्तर पर कार्यशालाएं, जन जागरूकता कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि इससे अन्य लोग और संस्थाएं भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि समाज और देश के लिये काम करने वाले व्यक्तियों से मिलकर वे स्वयं प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि सतत विकास वह विकास है जो भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है। उत्तराखंड सरकार भी सतत विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को मूल में रखकर लक्ष्य प्राप्ति के पथ पर अग्रसर है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव एवं ज्यूरी के अध्यक्ष एन रविशंकर, सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेल त्सचान, सीपीपीजीजी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पंत उपस्थित थे।

### 17 व्यक्तियों और संस्थाएं एसडीजी एचीवर अवार्ड से सम्मानित

एसडीजी 1 के तहत शून्य गरीबी के लिए गढ़वाल हिल्स कॉपरेटिव लि., पौड़ी एवं जगमोहन सिंह राणा, एसडीजी 2 शून्य भुखमरी के तहत डॉ. सुरभि जायसवाल एवं श्रीमती खस्ती कोरंगा, एसडीजी 3 उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली के तहत आरोही फाउंडेशन, एसडीजी 4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के तहत भागीरथी फाउंडेशन, एसडीजी 5 लैंगिक समानता के तहत रचनात्मक महिला मंच एवं डिव-इन-प्रो, एसडीजी 6 साफ पानी एवं स्वच्छता के तहत नौला फाउंडेशन, एसडीजी 8 आर्थिक वृद्धि के तहत उत्तरांचल युवा एवं ग्रामीण विकास केन्द्र चमोली, एसडीजी 9 उद्योग और नवाचार के तहत पिथौरागढ़ की देवकी देवी, एसडीजी 12 उपभोग और उत्पादन के तहत ग्राम पंचायत रायगी, एसडीजी 13 जलवायु परिवर्तन के तहत एग्री-नेट फूड्स एण्ड बेव्रेज प्रा.लि एवं जगदीश सिंह नेगी शिप्रा कल्याण समिति, नैनीताल, एसडीजी 15 भूमि पर जीवन के तहत चंदन सिंह नयाल एवं एसडीजी 16 शांति और न्याय के तहत दर्पण समिति एवं कार्ड संस्था को एसडीजी एचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

## सेना के कर्नल, मेजर और जेएंडके पुलिस के डीएसपी शहीद

**अनंतनाग, एजेंसी।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हो रही है। राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग कर्नल, जम्मू–कश्मीर पुलिस के डीएसपी समेत तीन अफसर शहीद हो गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल सहित तीन सुरक्षा बल के अफसर शहीद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष, जम्मू–कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद तीनों शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि भट की जान ज्यादा खून बहने



से हुई है।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने अनंतनाग के कोकरनाग के हलूरा गंडूल इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो वहां पहले से छिपे हुए आतंकवादियों ने बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के एक अधिकारी और एक पुलिस अधिकारी को गोली लग गई। दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी ऑपरेशन जारी है।

गडोले इलाके में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन मंगलवार शाम को शुरू हुआ था, लेकिन रात में इसे बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि आज सुबह आतंकवादियों की तलाश तब फिर से शुरू हुई जब सूचना मिलने लगी कि उन्हें एक ठिकाने पर देखा गया है। कर्नल सिंह ने आगे से अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए आतंकियों पर हमला बोल दिया। हालांकि, आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।इससे पहले जम्मू संभाग के राजोरी जिले में मंगलवार शाम आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ हुई। इसमें दो आतंकियों को मार गिराया गया है। राजोरी एनकाउंटर को लेकर एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह ने बताया कि दूसरे आतंकी को बुधवार को ढेर कर दिया गया है। मंगलवार शाम को शुरू हुई मुठभेड़ में एक आतंकी को मारा गया था। इसके बाद देर रात को गोलीबारी रुक गई थी। बुधवार सुबह एक बार फिर ऑपरेशन शुरू हुआ, जिसमें सुरक्षाबलों को सफलता मिली है। हालांकि, मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी शहीद हुआ है। इसके अलावा एक पुलिस एसपीओ सहित तीन घायल हुए हैं।

राजोरी मुठभेड़ के दौरान एक सैनिक की जान बचाते हुए छह वर्षीय सेना के डॉग केंट शहीद हो गया। इससे पहले वह नौ ऑपरेशनों में भाग ले चुका था। केंद्र शासित प्रदेश के राजोरी जिले में अपने हैंडलर को बचाने की कोशिश में मंगलवार को 21वीं सेना की डॉग यूनिट में शामिल केंट ने जान गवां दी। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि केंट भाग रहे आतंकवादियों का पीछा कर रहे सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहा था।

## दुबई में ममता बनर्जी की श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात

**दुबई, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दुबई हवाई अड्डे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच के बीच कुछ रोचक बातचीत हुई। इस दौरान विक्रमसिंघे ने उनसे पूछा कि क्या वह भारत में विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करेंगी? इस पर ममता ने जवाब दिया कि यह तो लोगों पर निर्भर करता है। ममता ने विक्रमसिंघे को नवंबर में राज्य व्यापार शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। ममता दुबई और स्पेन की 12 दिवसीय यात्रा पर हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स (पहले ट्विटर) के जरिए बताया कि विक्रमसिंघे ने मुझे हवाई अड्डे के लाउंज में देखा। इसके बाद उन्होंने मुझे कुछ चर्चा के लिए बुलाया। मैं उनके अभिवादन से अभिभूत हो गई हूं। मैंने उन्हें कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट 2023 के लिए आमंत्रित भी किया है।

## ई–अदालत योजना के तीसरे चरण को केंद्र की मंजूरी, चार साल में 7210 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने देश में न्यायालय की कार्यवाही को ऑनलाइन करने की महत्वाकांक्षी ई–कोर्ट (इलेक्ट्रानिक– न्यायालय) योजना के तीसरे चरण को लागू करने का निर्णय किया है जिस पर चार साल में 7210 करोड़ रुपये का वित्तीय परिव्यय किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमडल की बुधवार को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, "मंत्रिमंडल ने आज ई–कोर्ट फेज तीन (तीसरे चरण) को मंजूरी दी। इस पर 2023–24 से अगले चार वर्ष में 7210 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।" चरण–तीन का मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका के लिए एक एकीकृत प्रौद्योगिकी मंच बनाना है, जो अदालतों, वादियों और अन्य हितधारकों के बीच एक सहज और कागज रहित इंटरफ़ेस प्रदान करेगा।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि



इसका उद्देश्य संपूर्ण न्यायालय रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल, ऑनलाइन और कागज रहित अदालतों की ओर बढ़ते हुए न्याय प्रक्रिया को अधिक से अधिक आसानी बनाना है। तीसरे चरण इसमें कंप्यूटर, स्कैनर, वीडियो कांफ्रेंसिंग सम्मेलन सुविधा के लिए अतिरिक्त हार्डवेयर जुटाए जाएंगे, देश भर में 1150 वर्चुअल कोर्ट तथा 4400 पूर्णतः कार्यरत ई–सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे तथा सौर बिजली पर आधारित ऊर्जा की बैक–अप जैसी सुविधाएं भी की जाएगी।

सूचना प्रसारण मंत्री ने बताया कि ई–कोर्ट चरण तीन की केंद्र प्रायोजित योजनाएं केंद्र सरकार के न्याय विभाग, उच्चतम न्यायालय की ई–कमेटी की संयुक्त साझेदारी के तहत संबंधित राज्यों के उच्च न्यायालयों के माध्यम से विकेन्द्रीकृत तरीके से कार्यान्वित की जाएगी। इसके लिए त्रिपक्षीय समझौते किए जाएंगे। ऐसी प्रणाली जो सभी हितधारकों के लिए प्रणाली को अधिक सुलभ, किफायती, विश्वसनीय, पूर्वानुमानित और पारदर्शी बनाकर न्याय में आसानी को बढ़ावा देगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ई–कोर्ट परियोजना का तीसरा चरण "पहुंच और समावेशन" के दर्शन पर आधारित है। इसके अंतर्गत पहले और दूसरे चरण के लाभों को और आगे बढ़ाते हुए न्यायालयों के संपूर्ण रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल, ऑनलाइन और पेपरलेस (भौतिक पत्रावली रहित) न्यायालय की ओर बढ़ते हुए न्याय की अधिकतम आसानी की व्यवस्था करना है।

# मुख्य सचिव ने ली यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यूएमटीए) की बैठक




देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में देहरादून में यातायात संकुलन को कम करने को लेकर यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यूएमटीए) की बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। यातायात संकुलन को कम करने के लिए हर प्रकार के छोटे से लेकर बड़े और महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें इस स्तर की यातायात व्यवस्था आमजन को देनी है कि यात्री को शहर के एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक जाने में मात्र 200 से 300 मीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े और वाहन बदलने पर 5 से 7 मिनट्स से अधिक का इंतजार न करना पड़े। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यातायात संकुलन के मुख्य स्थानों को चिन्हित कर उन तिराहों और चौराहों के सुधारीकरण का कार्य किया जाए।मुख्य सचिव ने यातायात संकुलन कम करने के लिए प्रवर्तन को सख्ती से लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाए जाने और नो पार्किंग ज़ोन में वाहन खड़ा करने पर अधिक से अधिक चालान किए जाने से काफी हद तक यातायात संकुलन को कम किया जा सकता है।

### ऋषिकेश के गंगाघाटों से कब साफ होगी रेत

ऋषिकेश। शहर और मुनिकीरेती के गंगाघाटों पर गंगा के उफान के साथ आई रेत अभी तक यहीं जमी हुई है। एक महीने बाद भी इसे नहीं हटाया जा सका है। घाटों पर फैली रेत से गंगा के दर्शन–पूजन के साथ स्नान को पहुंचने वाले श्रद्धालु परेशान हैं। जिम्मेदार महकमों के अधिकारी घाटों की सफाई को तैयार नहीं दिख रहे हैं।

भारी बारिश में बीती 13 अगस्त को गंगा उफान के साथ रेत भी बहा कर लाई। यह रेत गंगा का जलस्तर सामान्य होने पर घाटों पर ही फैली है। महीनेभर बाद भी त्रिवेणी घाट, शत्रुघ्न घाट और नावघाट रेत से अटे हुए हैं। श्रद्धालु गंगा घाटों की बदहाली से परेशान हैं। नगर आयुक्त राहुल गोयल का कहना है कि गंगा घाटों पर रेत जमा होने का मामला संज्ञान में है। जल्द सभी घाटों की साफ–सफाई कर रेत को हटाया जाएगा।

# नैनीताल में 18 अतिक्रमणकारियों का बिजली पानी कटा



नैनीताल। बीडी पांडे जिला अस्पताल चार्टन लॉज की भूमि के अतिक्रमणकारियों को हटाने के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। अफसरों से बहस भी हुई, लेकिन विरोध के बीचज बुधवार को 18 परिवारों के बिजली पानी के कनेक्शन काट दिए गए। अन्य को 15 सितंबर तक अतिक्रमण खुद ही खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद प्रशासन कभी भी यहां अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई कर सकता है। प्रशासन अस्पताल की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए अब सख्त हो चला है। सर्वे में अस्पताल की भूमि पर 40 अतिक्रमण चिह्नित किए जा चुके हैं। अवैध रूप से बने भवन स्वामियों को जगह खाली करने के नोटिस दिए जा चुके हैं। बुधवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासन की टीम चार्टन लॉज स्थित अतिक्रमण स्थल पर पहुंची। उनके साथ ऊर्जा निगम व जल संस्थान की टीम भी थी। अधिकारियों के निर्देश पर 18 परिवारों के बिजली पानी के कनेक्शन काट दिए गए। इसे लेकर स्थानीय लोगों की अधिकारियों के साथ काफी बहस भी हुई। जिस पर एसडीएम ने लोगों को समझाते हुए बताया कि न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की बात कही। कहा, इसलिए किसी तरह के विवाद से बचें और समय पर अतिक्रमण स्थल को खुद ही खाली कर दें। यहां सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल साह, एसपी सिटी जगदीश चंद्रा, सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल धर्मवीर सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई

विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय विकास नगर द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हर्ष यादव की अध्यक्षता में एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो सेलाकुई में हिमगिरि जी यूनिवर्सिटी के छात्र–छात्राओं ने सड़क जागरूकता अभियान चलाया। सचिव हर्ष यादव ने राइंका छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ ही सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुकता संबंधी विचार व्यक्त किये। सचिव के निर्देशानुसार छात्र–छात्राओं में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें विजेता छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय में रोड साईन संबंधी साइनेज बोर्ड लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय मे मौजूद सभी छात्र–छात्राओं शिक्षकों एंव कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह, परिवहन अधिकारी प्रशासन मनीष तिवारी, परिवहन अधरकारी प्रवर्तन आरएस कटारिया, सुशीला निरंजन, उमेश रावत आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर बुधवार को जिला विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार हिमगिरि जी यूनिवर्सिटी के छात्र–छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर शीशमबाड़ा, सेलाकुई में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं के द्वारा लोगों को दुपहिया वाहन मे अनिवार्य रूप से हेलमेट, कार चालको को सीट बेल्ट एवं नाबालिकों को वाहन न चलने कि अपील की गई।

### लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

ऋषिकेश।राजकीय चिकित्सालय के होम्योपैथी विभाग ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 204 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। शिविर में पहुंचे लोगों को रोग प्रतिरोधक दवा यूपेटोरियम पर्फ 30 का वितरण भी किया गया। बुधवार को होम्योपैथी विभाग ने बीस बीघा गली नंबर 3 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।

### रक्षा मंच ने तमिलनाडू के मंत्री के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी

विकासनगर। भारत रक्षा मंच ने बुधवार को विकासनगर कोतवाली में तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदय निधि स्टालिन के खिलाफ तहरीर देकर करा कठोर कार्रवाई की मांग की है। बताया अगर कार्रवाई नहीं हुई तो रक्षा मंच को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि के खिलाफ भारत रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी के नेतृत्व में मंच के कार्यकर्ता कोतवाली विकासनगर पहुंचे। जहां पर उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि तमिलनाडु के युवा खेल मंत्री ने सार्वजनिक मंच पर जानबूझकर सनातन धर्म और हिंदुओं की आस्था को अपमानित करने का कार्य किया है। बताया जिससे विश्व भर में बसे हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। जिसके विरोद्ध में भारत रक्षा मंच ने विकासनगर कोतवाली मे तहरीर दर्ज कराते हुए मंत्री के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कि है।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जागड़ा मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में चालदा महासू महाराज मन्दिर आयोजित होने वाले जागड़ा मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 18 एवं 19 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाले मेले के आयोजन स्थल हनोल एवं दसोऊमें सभी व्यवस्थाएं सुचारू की जाएं।

उन्होंने लोनिवि, पीएमजी एसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़क एवं वैकल्पिक मार्ग ठीक करने तथा सड़कों की सफाई के निर्देश दिए। इस वर्ष मेले/जागड़े में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना का दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस को यातायात के साथ ही कर्यक्रम स्थल एवं मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाने तथा बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस का भी सहयोग लिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थलों मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन वाहन रखने के निर्देश दिए तथा पार्किंग हेतु समीप ही स्थान चिन्हित करने को कहा।

## एक नजर

### अभियंता दिवस पर रक्तदान करेंगे इंजीनियर

देहरादून। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की ओर से 15 सितंबर को अभियंता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसमें रक्तदान शिविर का आयोजन भी होगा। इसमें 300 यूनिट रक्तदान करवाने का लक्ष्य रखा गया है। महासंघ के जिला अध्यक्ष इंजीनियर सुरेंद्र सिंह श्रीकोटी और सचिव इंजीनियर आशीष यादव ने बताया कि विभिन्न बीमारियों में रक्त की जरूरत पड़ती है। डेंगू के प्रकोप के चलते मरीजों को रक्त और प्लेटलेट्स नहीं मिल पा रही है। ऐसे में महासंघ ने इंजीनर्ग्स दिवस पर रक्तदान शिविर के आयोजन का निर्णय लिया है। यह शिविर अधिकारी क्लब यमुना कॉलोनी में लगाया जाएगा। इसका शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत करेंगे। विशिष्ट अतिथि विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान होंगे। इसके साथ ही शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### कार्बन फाइनेंसिंग प्रोजेक्ट बनाने का दिया प्रशिक्षण

नैनीताल। विशेषज्ञों ने बुधवार को चिड़ियाघर में वन अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्बन फाइनेंसिंग प्रोजेक्ट को वृहद स्तर पर क्रिम्रान्वयन करने के गुर बताए।

विशेषज्ञों ने कहा कि उत्तराखंड के 71 प्रतिशत भूभाग पर वन क्षेत्र होने के बावजूद वैश्विक स्तर पर उसे बेहद कम कार्बन क्रेडिट प्राप्त होता है। जिसके पीछे कारण पर्याप्त दस्तावेजीकरण नहीं होना है। कार्यशाला में टेरी के विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को वृहद स्तर पर संचालित किए जाने के लिए लोगों की सहभागिता को बढ़ाया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रोजेक्ट के संचालन से पूर्व डीपीआर तैयार करने के तरीके और बारिकियों को बताया। कहा कि वर्तमान में वन विभाग की ओर से कैंपा और अन्य पौधरोपण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं ।जिसका पर्याप्त दस्तावेजीकरण कर भविष्य में इससे कार्बन क्रेडिट प्राप्त किया जा सकता है।

# सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुई टास्क फोर्स योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी, सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में आज विकासभवन सभागार में जिला योजना / राज्य सेक्टर / केन्द्र पोषित / बाह्य सहायतित योजना / 20 सूत्री कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

जिला योजना– वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला योजनान्तर्गत अनुमोदित परिव्यय र 9207.91 लाख के सापेक्ष जनपद स्तर से 306928 लाख धनराशि विभिन्न विभागों को अवमुक्त की गयी है। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष आतिथि तक 2250.69 लाख की धनराशि व्यय की गयी है, जो कि अवमुक्त धनराशि का 73.33 प्रतिशत है। विभागवार समीक्षा करने पर पाया गया कि पूल्ड आवास, भेषज, सूचना विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, मत्स्य एवं लोक निर्माण विभाग की प्रगति 50 प्रतिशत से कम पायी गयीं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 75 प्रतिशत से कम प्रगति वाले विभागों को चौतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये तथा इन विभागों को आगामी माह में शत् प्रतिशत प्रगति प्राप्त करने के साथ ही जिन विभागों को वित्तीय वर्ष 2022–23 में चालू / अवशेष कार्यों हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है उन विभागों को माह सितम्बर, 2023 तक शत प्रतिशत व्यय करने के भी निर्देश दिये गये।

राज्य सेक्टर– राज्य सेक्टर के अन्तर्गत अनुमोदित परिव्यय 62556.37 लाख है जिसके सापेक्ष शासन इसे विभिन्न विभागों को 32389.01 लाख धनराशि अवमुक्त की गयी है। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 17510.30 लाख व्यय किये गये हैं, जो कि अवमुक्त धनराशि का 54.06 प्रतिशत है। विभागवार समीक्षा करने पर रेशम, लघु सिंचाई, मत्स्य, पंचायतराज विभाग, वन विभाग, विधायक निधि, पेयजल संस्थान, नलकूप एवं युवा कल्याण एवं प्रादेशित विकास दल की प्रगति न्यून पायी गयी है। सम्बन्धित विभागों को माह सितम्बर, 2023 तक व्यय की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। राज्य सेक्टर के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2023 के अवशेष धनराशि 3570.87 लाख के सापेक्ष 2074.29 लाख धनराशि व्यय की गयी है, जो कि व्यय का 58.09 प्रतिशत है। विभागवार समीक्षा करने पर विधायक निधि एवं पेयजल संस्थान को अवशेष धनराशि माह सितम्बर 2023 तक शीघ्र शत–प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राज्य सेक्टर के अन्तर्गत 55 प्रतिशत से कम व्यय वाले विभागों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये।

केन्द्र पोषित योजना– वित्तीय वर्ष 2023–24 में योजनान्तर्गत अनुमोदित परिव्यय र 61652.99 लाख है। जिसके सापेक्ष शासन से विभिन्न विभागों को 2329232 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 20251.81 लाख व्यय किये गये हैं, जो कि अवमुक्त धनराशि का 86.95 प्रतिशत है। समीक्षा करने पर पंचायतीराज एवं लोक निर्माण विभाग की प्रगति न्यून पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कम व्यय वाले विभागों को इस माह के अन्त तक प्रगति व्यय 90 प्रतिशत तक करने के निर्देश दिये गये।केन्द्र पोषित के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2023 के अवशेष धनराशि 1550.50 लाख के सापेक्ष 1276.34 लाख धनराशि व्यय की गयी हैं, जो कि व्यय का 82.32 प्रतिशत है। विभागवार समीक्षा करने पर सांसद निधि के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2023 को अवशेष 341.77 लाख के सापेक्ष र 67.61 लाख मात्र व्यय की गयी है। उन्होंने परियोजना निदेशक, डी०आर०डी०ए० को अवशेष धनराशि को शत–प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिये गये।

बाह्य सहायतित योजना– वित्तीय वर्ष 2023–24 में योजनान्तर्गत अनुमोदित परिव्यय 8115.68 लाख है जिसके सापेक्ष शासन से विभागों को 1.89 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि शून्य है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा वन विभाग को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष शत प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिये गये।बाह्य सहायतित के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2023 की अवशेष धनराशि की समीक्षा करने पर पाया गया कि पेयजल निगम विभाग का 01.04.2023 की अवशेष धनराशि 1932.51 लाख के सापेक्ष 1748.92 लाख धनराशि व्यय की गयी है, जो कि व्यय का 90.50 प्रतिशत है।

# राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में छात्र–छात्राओं की भूख हड़ताल शुरू

विकासनगर। जौनसार बावर क्षेत्र की बदहाल शिक्षा व्यवस्था समेत राजकीय महाविद्यालय त्यूणी की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर बुधवार से छात्र संघ अध्यक्ष ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। बीते दिनों क्षेत्रीय विधायक के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित करने वाले छात्रों का कहना है कि उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। छात्र संघ अध्यक्ष शिक्षा के क्षेत्र में सपोर्ट नहीं, राजनीति में हमारा वोट नहीं के स्लोगन के साथ से महाविद्यालय के मुख्य गेट पर भूख हड़ताल पर बैठ गए। इससे पूर्व छात्रों ने कॉलेज में तालाबंदी की। भूख हड़ताल पर बैठे छात्र संघ अध्यक्ष आदित्य जोशी ने कहा कि तहसील त्यूणी क्षेत्र के प्राइमरी से लेकर माध्यमिक स्तर व महाविद्यालय त्यूणी में शिक्षकों और संसाधनों की कमी को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य जोशी के नेतृत्व में छात्र–छात्राओं ने अगस्त माह की शुरुआत में आंदोनल शुरु किया था। तब दस दिन तक चले आंदोलन को क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह से मागों के समर्थन में आश्वासन मिलने के बाद समाप्त कर दिया गया था। लेकिन अब तक मांगों के सबंध में शासन प्रशासन स्तर पर संज्ञान न लिए जाने से छात्र छात्राओं में आक्रोश बढ़ गया है। कहा कि छात्रों का निर्वाचित प्रतिनिधि होने के नाते उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करना उनका दायित्व है।

बताया कि जब तक उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया जाता है तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जौनसार बावर के भविष्य को देखते हुए सरकार को उनकी मांगों को पूरा करना ही होगा।

### एनसीसी अधिकारी को लेफ्टिनेंट रैंक मिलने से खुशी

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर के एनसीसी अधिकारी को लेफ्टिनेंट का दर्जा मिलने पर कॉलेज परिवार में खुशी की लहर है। कॉलेज की मीडिया प्रभारी डॉ. दीप्ति बगवाड़ी ने बताया कि राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार गुप्ता नागपुर–महाराष्ट्र की ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में तीन माह का कठोर प्रशिक्षण लेने के बाद उन्हें लेफ्टिनेंट रैंक मिला है। 12 जून से नौ सितंबर तक ट्रेनिंग में प्रतिभाग करने के बाद बुधवार को कॉलेज पहुंचे ले. गुप्ता का प्राचार्य, सहयोगी प्राध्यापकों समेत छात्र–छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. जीआर सेमवाल, डॉ. राखी डिमरी, डॉ. अरविंद अवस्थी, डॉ. आरपी बडोनी आदि मौजूद रहे।

# मगरौली गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढाओं का महत्व समझाया

विकासनगर। बाल विकास कालसी के तत्वावधान में बुधवार सुबह ग्राम पंचायत मगरौली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत मगरौली एवं होडा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के महत्व को आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा महिलाओं को समझाया गया। बाल परियोजना अधिकारी अंजू बडोला ने महिलाओं को बताया कि बेटी की शिक्षा पर जोर देना चाहिए और बेटी को बोझ ना समझे। बताया आज के युग में बेटियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। कहा आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जिसमें बेटियां कार्य नहीं कर रही, बेटियां सेना के तीनों क्षेत्र में कार्य करते हुए माता–पिता का नाम रोशन कर रही हैं। बताया चाहे प्रशासनिक सेवा, डॉक्टर हर क्षेत्र में बेटियां पुरुषों की तुलना में अधिक उत्कृष्ट कार्य कर रही है। बताया हमें बालिका शिक्षा के महत्व को समझना होगा। इसके साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभाग द्वारा चलाई जा रही अनेकों योजनाओं के बारे में भी मौजूद सभी महिलाओं को जानकारी दी और किशोरावस्था में बालिकाओं के शारीरिक परिवर्तन को लेकर भी महिलाओं को जागरूक किया। बताया बालिकाओं को लेकर समाज की सोच को बदलना है, जिसके लिए महिलाएं अपने–अपने घरों में सभी को जागरूक करना होगा।

कार्यक्रम में महिलाओं को सही पोषण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कहा कि महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपने सभी शारीरिक प्रशिक्षण के साथ–साथ सही पोषण का भी ध्यान देना होगा।

# कांग्रेसियों ने डेंगू फैलने पर लोगों से पूछे सवाल

ऋषिकेश। डोईवाला और आसपास के क्षेत्रों में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस ने दून में डेंगू का गुनहगार कौन अभियान चलाया है। इसके तहत कांग्रेस लोगों से डेंगू को लेकर सवाल पूछ रही है। बुधवार को कांग्रेसियों ने अभियान के तहत डोईवाला नगर क्षेत्र, अठूरवाला, डिग्री कॉलेज डोईवाला आदि क्षेत्रों में लोगों से पूछा कि डेंगू जैसी स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह करतार ने कहा कि देहरादून जिले में डेंगू ने पैर पसार लिए है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में डेंगू मरीज मिल रहे हैं। अस्पतालों में बेड खाली नहीं हैं। डोईवाला सरकारी अस्पताल में एक बेड में डेंगू के 2 से 3 मरीज लेटे हुए हैं। इसी को लेकर क्षेत्रवासियों से डेंगू के लिए कौन गुनहगार है, इसको लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। जवाब के लिए चार विकल्प देहरादून स्मार्ट सिटी, दून जिला प्रशासन, नगर निगम, उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के रूप में दिए गए हैं।

### जौनसार में 24 घंटे से संचार सेवा ठप

विकासनगर। डाकपत्थर और कालसी के बीच भारत संचार निगम की ओएफसी लाइन कट जाने के कारण बीते 24 घंटे से जौनसार बावर की संचार सेवा ठप पड़ी हुई है। बैंकों और डाकघरों में भी सर्वर डाउन रहने लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय बाशिंदों ने जल्द संचार सेवा सुचारू करने की मांग की है। मंगलवार दोपहर से चकराता सहित कालसी, सहिया, त्यूणी आदि क्षेत्र में संबंधित दूरभाष केंद्र से जुड़े सैकड़ों लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड व मोबाइल उपभोक्ताओं के कनेक्शन ठप पड़े हैं।

# बैराज रोड पर जेसीबी से झोपड़ियां ध्वस्त कीं




ऋषिकेश। सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटाने के अभियान में पीडब्ल्यूडी ने बुधवार को बैराज रोड पर दर्जनभर परिवारों की झोपड़ियां जेसीबी से ध्वस्त कर दी। अचानक हुई कार्रवाई में कई परिवारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। वह महज कुछ घंटों की मोहलत मांगते नजर आए। लेकिन पुलिस फोर्स की मौजूदगी में उन्हें हटा दिया गया। बैराज रोड पर एक अरसे से करीब दर्जनभर परिवार झुग्गी–झोपड़ी डालकर रह रहे थे। हाल ही हाईकोर्ट की ओर से सड़कों और सार्वजनिक संपत्तियों को कब्जामुक्त करने के फरमान की तामील के लिए बुधवार को पीडब्ल्यूडी के अफसर जेसीबी लेकर पहुंच गए। तहसीलदार और पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से परिवार के सदस्य शाम तक सामान शिफ्ट करने की मोहलत मांगते नजर आए, लेकिन उनकी एक नहीं चली। अधिकारियों ने उन्हें फौरान सामान हटाकर झोपड़ियां खाली करने का अल्टीमेटम दिया। अफरा–तफरी में परिवार के सदस्यों ने सामान सड़क के दूसरी तरफ खुले स्थान में रखा। चूल्हे पर चढ़ी दोपहर के खाना की हांडी भी अधूरी ही उतारकर उन्हें सामान हटाना पड़ा।

तहसीलदार चमन सिंह ने बताया कि सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन अभियान चला रहा है।

# लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले, सावधानी जरूरी

## कोटद्वार बेस अस्पताल में बढ़ रहे डेंगू के मामले, पिछले एक माह में 60 से अधिक लोगों में हो चुकी है पुष्टि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार में लगातार डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले एक माह में 60 से अधिक लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। यहीं नहीं अब तक शहर में तीन लोगों की डेंगू के कारण मौत भी हो चुकी है।

### इन बातों का रखे ध्यान

–डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए अपने आसपास पानी एकत्रित न होने दें

– घर में मौजूद बच्चों व बुजुर्ग को फुल बाजू के पकड़े पहनाएं

–घर में मौजूद गमले व कूलर में पानी जमा न होने दें।

–किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर चिकत्सक की सलाह ले।



कोटद्वार का राजकीय बेस चिकित्सालय जहां इन दिनों डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं

ऐसे में चिकित्सक लोगों को सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं।

अपने आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कोटद्वार बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में डेंगू के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बेस चिकित्सालय में हर रोज डेंगू के मरीज पहुंच रहे हैं।

डेंगू के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए अस्पताल में डेंगू वार्ड बनाया गया है।

चिकित्सक डेंगू प्रभावित लोगों के साथ ही उनके अभिभावकों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो इस मौसम में हमें अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें।

### डेंगू होने पर बरते सावधानी

–घर का बना साफ-सुथरा और ताजा भोजन ही करें।

– पानी पर्याप्त मात्रा लें, लेकिन जबरदस्ती पानी न पीएं, इससे उल्टी हो सकती है।

– यह वायरल संक्रमण है, कुछ दिन शरीर में रहने के बाद स्वतः ठीक हो जाता है।

### लक्षणों पर गंभीरता से दें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, सभी लोगों को डेंगू से बचाव के लिए प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। समय पर लक्षणों पर ध्यान देकर रोग की गंभीरता को बढ़ने से रोका जा सकता है। ज्यादातर लोगों में डेंगू के कारण अचानक तेज बुखार आने की समस्या, आंखों में दर्द, पेट में दर्द और त्वचा पर चकत्ते, मतली, गंभीर थकान और शरीर में तेज दर्द हो सकता है। गंभीर स्थिति में डेंगू रक्तस्रावी हो सकता है, जिसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते प्रतिनिधि मंडल के सदस्य

# अतिक्रमण की जद में आए छात्रावास को बचाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री ज्वाल्पा धाम संस्कृत महाविद्यालय पाटीसैण के प्रतिनिधिमंडल ने अतिक्रमण की जद में आए विद्यालय के छात्रावास को बचाने की मांग की है। कहा कि विद्यालय निःस्वार्थ भाव से धर्म की सेवा में जुटा हुआ है।

समस्या को लेकर सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि ज्वाल्पा धाम संस्कृत महाविद्यालय कक्षा 6 से लेकर एम.ए. तक की संस्कृत भाषा के साथ ही कर्मकांड, ज्योतिष व योग की शिक्षा निःशुल्क प्रदान करता है। संस्कृत भाषा के अध्ययन से पलायन पर भी रोक लगी है क्योंकि इससे युवकों को आसानी से रोजगार उपलब्ध हो जाता है। वर्तमान में विद्यालय का छात्रावास अतिक्रमण की जद में आ गया है, जिससे छात्रों के लिए आवास की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में राजेश प्रकाश थपलियाल, शिव दयाल बौंठियाल, पार्थ सार्थी थपलियाल एवं उमेश नौडियाल आदि शामिल थे।

# प्रगति अध्यक्ष, सुमन और सोनिया बनीं उपाध्यक्ष



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**लैंसडौन** : अभ्युदय परिवार लैंसडौन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र जयहरीखाल में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कमलेश रावत ने की। साथ ही अभ्युदय परिवार जयहरीखाल शाखा का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष प्रगति, उपाध्यक्ष सुमन बहुगुणा, सोनिया डोबरियाल, सचिव ममता शर्मा, सह सचिव अनीता रावत, कोषाध्यक्ष बसन्ती चौधरी, सह कोषाध्यक्ष रंजना असवाल, संरक्षक ऊषा नेगी, सम्पत्ति रावत को चुना गया।

संयोजिका भावना वर्मा ने कहा कि अभ्युदय परिवार एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को शहरी क्षेत्र की गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा का विकास करना है। हम संस्था के माध्यम से पारम्परिक पर्व मना कर उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जायेगा। प्रगति एवं सुमन बहुगुणा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जयहरीखाल शाखा खेल प्रतियोगिता आयोजित करेगी। शाखा स्वच्छता अभियान चलाएगी और उत्तराखंड के सभी पर्व मनाएगी। इस मौके पर राजेश्वरी नेगी, पूनम बौठियाल, रेनू चौहान, चंद्रकांता बौठियाल, सविता नेगी, सूचि रावत, ज्योति, हेमन्ती, मुन्नी, नीलम, मधु, सूधा, सोनिया, सरिता, ममता ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का संचारलन प्रगति ने किया।

# डेंगू से बचाव को अलर्ट रहे अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने शहर में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कहा कि डेंगू को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी अलर्ट रहें।

बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य कर्मियों व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि शहर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्सकों को गंभीरता से कार्य करना होगा। डेंगू मरीज के इलाज में किसी तरह की कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने चिकित्सकों को आमजन को डेंगू से बचाव के प्रति भी जागरूक करने की बात कही। इस दौरान प्रमुख अधीक्षक डा. विजयेश भारद्वाज ने विस अध्यक्ष को बताया कि एक ही जगह पर दस से अधिक केस मिलने पर उसे माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा, जिसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। बताया कि कोटद्वार के बेस हॉस्पिटल में डेंगू के मरीजों को बेहतर इलाज दिया जा रहा है।

# आमसौड़ व जमरगड़ी के ग्रामीणों ने उठाई पुनर्वास की मांग

### गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने दुगड्डा ब्लॉक में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान अमसौड़ व जमरगड़ी के ग्रामीणों ने उनके पुनर्वास की मांग उठाई। कहा कि भू-धंसाव व बोल्डर गिरने से ग्रामीणों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है। ऐसे में सरकार को उनके पुनर्वास को लेकर गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने आमसौड़ सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। सांसद ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में केंद्र व प्रदेश सरकार ग्रामीणों की मदद के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सांसद को ज्ञापन भी दिया।


दुगड्डा ब्लॉक में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते गढ़वाल सांसद

बताया कि आमसौड़ में वर्षा काल के दौरान गांव के ऊपर स्थित झावाणा की पहाड़ी से गांव में बड़े-बड़े बोल्डर गिरने लगे थे। आनन-फानन में पुलिस व प्रशासन ने खतरे की जद में आए भवनों को खाली करवाया। वर्तमान में वर्षा काल थमने के बाद यह परिवार दोबारा अपने घरों में शिफ्ट होने की तैयारी कर रही है। लेकिन, पहाड़ी से अब भी लगातार बोल्डर गिरने का दौर जारी है। यही नहीं भू-धंसाव के कारण भवनों के धराशायी होने का भी खतरा बना हुआ है। गांव में 25 भवन पूरी तरह खतरे की जद में आ गए हैं। वहीं, जमरगणी के ग्रामीणों ने भी उनके पुनर्वास की मांग उठाई। कहा कि गांव में भू-धंसाव हो रहा है। ऐसे में गांव के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। सरकार को योजना तैयार कर ग्रमीणों के पुनर्वास पर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर इंद्रमोहन जुयाल, जसपाल सिंह, दीपक कुमार, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# वीर शहीदों के आश्रितों को सांसद ने किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के तहत गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने वीर शहीदों के घर पहुंचकर उनके आश्रितों का हाल जान। इस दौरान उन्होंने शहीदों के आश्रितों को सम्मानित भी किया।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैनिक परिवारों को सम्मानित करते गढ़वाल सांसद

कोटद्वार प्रवास पर आए गढ़वाल सांसद ने दुर्गापुर स्थित कारगिल शहीद ललित किशोर तिवारी, शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद शिव सिंह नेगी, पदमपुर मोटाढाक स्थित शहीद बंशी प्रसाद, शहीद अमर सिंह के घर जाकर उनको श्रद्धांजली अर्पित की। इस दौरान गढ़वाल सांसद ने शहीदों को आश्रितों को भी सम्मानित किया। कहा कि देश के वीर शहीदों के कारण ही आज हमारा देश सुरक्षित है। देश की रक्षा में दिए जा रहे वीर सैनिकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। गढ़वाल सांसद ने कहा कि "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत शहीदों के आंगन की मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचेगी और यहां अमृत वाटिका में इस पवित्र मिट्टी का प्रयोग किया जायेगा। इसके उपरांत जनता इंटर कालेज मोटाढांक में भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गढ़वाल सांसद ने शहीद अमर सिंह की धर्मपत्नी वीर नारी सुशीला देवी, शहीद अमर सिंह की धर्मपत्नी वीर नारी जीना देवी, शहीद पुष्कर सिंह की पत्नी वीर नारी विजयलक्ष्मी, शहीद बंशी प्रसाद की धर्मत्नी वीर नारी चित्रा देवी, गौरव सैनानी भारत सिंह नेगी, सूबेदार दरबान सिंह गुसाईं आदि को सम्मानित किया। इससे पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना पौड़ी गढ़वाल के समन्वयक परितोष रावत, हिमांशु द्विवेदी, गणेश भट्ट, सतीश मौर्य और बाल भारती पब्लिक स्कूल एवम रोहित अग्रवाल विद्या मंदिर की इकाइयों ने शहीदों के घर से एकत्रित पवित्र मिट्टी भी सांसद तीरथ सिंह रावत और कर्नल (रि) ओम प्रकाश फर्सवान को सौंपी।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, भाजपा नेता उमेश त्रिपाठी, जगमोहन सिंह रावत, सुखरो मंडल अध्यक्ष हरी सिंह पुंडीर, पार्षद कुलदीप रावत, पार्षद मनीष भट्ट, जिला अनुसूचित मोर्चा महामंत्री राजेंद्र खैरवाल, सूबेदार दरबान सिंह गुसाईं, मंडल अध्यक्ष मनोज पांथरी आदि मौजूद रहे।

# 26 सितंबर से होगी संस्कृत प्रतियोगिताएं

**पौड़ी** : कल्जीखाल ब्लाक की खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता 26 व 27 सितंबर को होगी। प्रतियोगिता में संस्कृत नाटक, नृत्य, समूहगान, आशुभाषण, वाद-विवाद, श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। खंड संयोजक आरती बहुगुणा ने बताया कि राइंका मुंडनेश्वर में 26 व 27 सितंबर को कल्जीखाल ब्लाक की खंडस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की जाएगी। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 10 व वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 से स्नात्तकोत्तर स्तर के स्कूलों द्वारा हिस्सा लिया जाएगा। प्रतियोगिता के अव्वल प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले स्कूल 25 सितंबर तक आवेदन कर सकते है।

# होटल कर्मचारियों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार**। साफाई कार्य को लेकद दुगड्डा ब्लॉक के पौखाल स्थित एक होटल में दो कर्मचारियों के बीच मारपीट हो गई। हमले में घायल एक कर्मचारी को राजकीय बेस चिकित्सलाय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि दुगड्डा ब्लॉक के नाली बड़ी गांव निवासी सुबोध सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि वह अपने सहकर्मी नितिन ढौंडियाल के साथ पौखाल के बिष्ट भोजनालय में काम करता है। 10 सितंबर की रात को उन्होंने होटल में आने वालों को भोजन कराया। उसके बाद दोनों ने खुद खाना खाया। इसके बाद उसने नितिन को सफाई करने के लिए कहा जिसपर वह आग बबूला हो गया और गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने उसके सिर पर फ्राईपैन से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बताया कि अन्य लोगों की मदद से उसे बेस अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया गया। उसके सिर पर चार टांके आए हैं।

वहीं कोतवाल ने बताया कि युवक की तहरीर पर नितिन ढौंडियाल निवासी गाड़ीघाट कोटद्वार के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बेटियों पर बढ़ते अत्याचार को दर्शाती है पोथली, 15 से होगी प्रसारित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गढ़वाली फीचर फिल्म पोथली को 15 सितंबर से कोटद्वार के सिनेमा हाल में प्रसारित होगी। फिल्म बेटियों पर बढ़ रहे अत्याचार और लाचार माता-पिता की कहानी को दर्शाती है।


पत्रकार वार्ता में फिल्म के बारे में जानकारी देते सदस्य

फिल्म के निर्माता रवि मंमगाई ने बताया कि फिल्म उत्तराखंड व देश के मौजूदा हालात पर बनी है। यह बेटियों के साथ बढ़ रहे अत्याचार व घिनौने अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने वाली फिल्म है। इस फिल्म में उन्होंने स्वयं शंभू प्रसाद नाम के एक साधारण व्यक्ति का किरदार किया है, जो अपनी इकलौती बेटी राधा को बहुत प्यार करता है। लेकिन, कुछ असामाजिक तत्व उसकी बेटी से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर देते हैं। यह फिल्म दिल्ली में हुई निर्भया हत्याकांड, किरन हत्याकांड व उत्तराखंड में हुए अंकिता हत्याकांड की एक झलक है। बताया कि 15 सितंबर से फिल्म का रोजाना एक शो होगा। बताया कि स्कूलों के लिए सुबह के समय फिल्म प्रसारित होगी। फिल्म को देहरादून सहित अन्य शहरों में दर्शकों ने खूब सराहा है।

# कला प्रतियोगिता में खुशी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत प्रावि नगर क्षेत्र न. 5 में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 व कक्षा 5 के बच्चों द्वारा भाग लिया गया।

कला प्रतियोगिता का विषय पोषण की थाली रखा गया था। प्रतियोगिता में खुशी ने पहला, नव्य ने दूसरा व गुंजन ने तीसरा स्थान पाया। इस मौके पर बैजनाथ पुंडीर आदि शामिल रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में तन्मय व अनुष्का रही अव्वल

## महिलाओं पर बढ़ रही घरेलू हिंसा पर आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आधारशिला संस्था की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान घरेलू हिंसा विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में तन्मय व अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित सेमिनार का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष नरेश चंद्र घिल्डियाल, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अण्थ्वाल, महाविद्यालय की प्राचार्य जानकी पंवार व अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्रभारी डा. शोभा रावत ने महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं पुरुष के साथ कांधे से कांधा मिलाकर देश की उन्नति में अपना योगदान दे रही हैं। इस दौरान महिला घरेलू हिंसा विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में तन्मय कुकरेती, अरमान सिंह, अवनी जोशी, जबकि, सीनियर वर्ग में अनुष्का चौधरी, अंशिका, प्रिया ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में वैशणवी शर्मा, आयुश्री तिवारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# जिलाधिकारी ने ली मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं, विभागों की जिला योजना, राज्य योजना तथा बाह्य सहायतित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के जितने भी कार्य किए जा रहे हैं, उनमें अपेक्षित प्रगति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी मुख्यमंत्री घोषणा में कार्य किया जाना संभव न हो तो संबंधित जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाते हुए उसमें परिवर्तन, स्थान परिवर्तन तथा यदि कार्य की संभावना न हो तो उसे विलोपित करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जितने भी कार्य विभागों द्वारा किए जा रहे हैं, उनमें अपेक्षित प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा जिला योजना अथवा अन्य योजना के अंतर्गत जितने भी कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में किए जाने हैं, उन सभी कार्यों में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं पेंडिंग न रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा जो कार्य किए जा चुके हैं, उनके भुगतान संबंधी प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाए जिससे वित्तीय प्रगति में भी अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी,

## अनीमिया रोग के लक्षण व उपचार के बारे में बताया

बागेश्वर। बद्रीदत्त पांडेय कैंपस में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ व एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण एवं मुफ्त परामर्श दिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया ने छात्राओं को एनीमिया रोग के लक्षण व बचाव की जानकारी दी। फार्मासिस्ट कमला कोरंगा ने ब्लड प्रेशर की जांच की। कैंपस निदेशक डॉ. दीपा कुमारी ने सभी से शिविर का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर डॉ. भगवती नेगी, डॉ. जगवती, डॉ. अल्का, डॉ. रेखा भट्ट, शिखा पांडे आदि मॉजूद रहे। संचालन डॉ. नेहा भाकुनी ने किया।

# हल्द्वानी से रामनगर तक डेंगू के नौ हॉटस्पॉट

हल्द्वानी। डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। हल्द्वानी शहर से लेकर रामनगर तक डेंगू के नौ हॉटस्पॉट स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने चिह्नित किए हैं। चिंता की बात ये है कि इनमें से डेंगू के दो नए ठिकाने हल्द्वानी में ही मिले हैं।

राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और गौलापार क्षेत्र डेंगू का नया घर बन चुके हैं। जिले के मैदानी क्षेत्रों में डेंगू हर बार परेशानी की बड़ी वजह बनता है। हल्द्वानी शहर में वनभूलपुरा, इंदिरानगर, आदर्शनगर पीलीकोठी और दमुवाढूंगा क्षेत्र में सबसे अधिक डेंगू के मामले सामने आते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों को हॉटस्पॉट की श्रेणी में रखा गया है। यानी यहां हर सीजन में 30 से 40 लोग डेंगू ग्रसित होते हैं। वहीं, लालकुआं क्षेत्र की राजीव नगर और बंगाली कॉलोनी समेत रामनगर के बैलपड़ाव क्षेत्र में भी डेंगू की मौजूदगी पाए जाने पर हॉटस्पॉट घोषित किया गया है। ऐहतियात के तौर पर बरसात से पहले और बाद में फॉगिंग, लार्वा सिडल और अन्य कैमिकल के छिड़काव के साथ–साथ इन सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की खास नजर रखी जाती है। लेकिन इस बार निगम और स्वास्थ्य महकमे का काम दो नए हॉटस्पॉट ने बढ़ा दिया है।

डेंगू की शुरुआत ही गौलापार क्षेत्र से हुई। जानकारी के मुताबिक इस बार अब तक अकेले गौलापार क्षेत्र से डेंगू के 46 मरीज मिल चुके हैं। जबकि, हाल ही में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू का लार्वा मिला है। दोनों जगह फॉगिंग और कैमिकल का छिड़काव जारी है।

खुली टंकियों से बढ़ रहा खतराः गौलापार क्षेत्र में डेंगू का मामला सामने आने के बाद इसका कारण खोजा गया। नगर निगम के वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि गौलापार के अधिकांश घरों में अंडरग्राउंड वाटर टैंक बने हुए हैं। जिनमें 15 से 20 दिन तक पानी भरा रहता है। लोग इन टैंकों का ढक्कन खुला रखते हैं। जिससे डेंगू का लार्वा उन टैंकों में आसानी से पनप जाता है।

# बूथों पर रहेगा भाजपा का फोकस



हल्द्वानी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने पार्टी के लोकसभा सम्मेलन में पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव में जीत के लिए टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में कमजोर रहे बूथों पर पार्टी का फोकस रहेगा। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों, मोर्चों के अध्यक्षों का आह्वान किया कि वह आज से ही चुनावों की तैयारी में जुट जाएं। रामपुर रोड स्थित होटल में आयोजित सम्मेलन के पहले सत्र में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट व प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट ने सांसद अजय भट्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, मोहन सिंह बिष्ट, अरविन्द पांडे, त्रिलोक चीमा के साथ लोकसभा क्षेत्र में आम जनता की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की। कहा कि वह जमीनी स्तर पर आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। चुनाव के प्रमुख राजनीतिक मुद्दों पर भी गोपनीय चर्चा की गई। कहा गया कि जनप्रतिनिधि आम जन से जुड़े मुद्दों पर फोकस करते हुए विकास के आधार पर जनता के सामने जाएं। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने मंडल पदाधिकारियों को कार्यकारिणी और मोर्चों को सक्रिय बनाए रखने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि पार्टी व अनुसांगिक संगठनों को पूरी तरह से सक्रिय रखकर ही आगामी चुनावों में बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा, चुनाव में हर जनप्रतिनिधि को बूथ तक पहुंचाएंगे। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि भारत विश्व में महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। जी–20 का सफल आयोजन कर भारत ने दुनिया को अपनी ताकत का अहसास कराया है।

## पिथौरागढ़ में गौरया संरक्षण मंच का हुआ गठन

पिथौरागढ़। पक्षियों के संरक्षण के लिए गौरया संरक्षण मंच का गठन किया गया है। जिसमें शैक्षणिक गतिविधियों और पर्यावरणीय क्रियाकलापों के माध्यम से प्रदेश भर में जल, जंगल और पक्षी संरक्षण पर कार्य करने को लेकर सहमति बनी। बुधवार को नगर स्थित एक समिति के कार्यालय में पारिस्थिति तंत्र और जैव विविधता संरक्षण के लिए बैठक हुई। जिसमें डॉ. किशोर कुमार पंत को राज्य समन्वयक, विप्लव भट्ट को गौरैया संरक्षण टीम का उत्तराखंड संयोजक, प्रकाश गिरी को पिथौरागढ़ जिला संयोजक बनाया गया। डॉ.पंत ने कहा कि विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के विलुप्त होने का सीधा संबंध जैव विविधता के लिए गम्भीर संकट से है।

# विकासखंड हवालबाग में बच्चों व युवाओं का निःशुल्क फुटबॉल प्रशिक्षण शुरू



अल्मोड़ा। श्री गंगा सेवा समिति व वारियर्स फुटबॉल क्लब दिल्ली के संयुक्त सहयोग से हवालबाग ब्लॉक के मैदान में बच्चों व युवाओं को फुटबॉल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं में बढ़ रही नशा की प्रवृत्ति को खत्म कर उनको खेल से जोड़ कर प्रदेश स्तर व राष्टीय स्तर के खेलों की तैयारी कराना है, जिससे जिले, राज्य व देश का नाम रोशन हो।

वारियर्स फुटबॉल क्लब दिल्ली के सचिव महेन्द्र बिष्ट ने कहा कि कई युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं जो अत्यन्त चिंता का विषय है। पहाड़ के युवाओं में अनगिनत प्रतिभाएं हैं, उन्हें सही दिशा देने की जरूरत है। हमारा प्रयास है कि युवाओं में खेल के प्रति रूचि जाग्रत हो और उन्हें सही दिशा मिले।

प्रशिक्षण ले रहे युवाओं व बच्चों को उच्च कोटि के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है व समय–समय पर दिल्ली से भी राष्ट्रीय स्तर के कोच भी बच्चों को कोचिंग देंगे। जिससे बच्चे फुटबाल की बारीकियों को समझ पाएंगे। श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुस्युनी ने बताया कि क्षेत्र के बच्चे व युवा फुटबाल प्रशिक्षण हेतु बढ़ चढ़ कर हिसा ले रहे हैं, अब तक 89 बच्चों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है।

# शहीद अंग्रेज सिंह की 21वीं पुष्यतिथि पर नम आंखों से याद किया



काशीपुर। जम्मू के कुपवाड़ा में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए शहीद अंग्रेज सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, एसडीएम राकेश तिवारी समेत अन्य लोगों ने शहीद अंग्रेज सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें देश का सच्चा सपूत बताया। 13 सितंबर 2003 को गांव विजयरंपुरा निवासी अंग्रेज सिंह आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो गये थे। बुधवार को उनकी 21वीं पुणतिथि पर उनके आवास पर सुखमनी साहिब का पाठ रखा गया। वहीं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे शहीद समाधि स्थल पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अरविंद पांडे ने शहीद के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें कहा कि उनका बेटा अमर है। इसके बाद अरविंद पांडे ने शहीद अंग्रेज सिंह के घर पहुंचकर मत्था टेका। वहीं एसडीएम राकेश तिवारी ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

## दूसरे दिन महिला होमगार्ड के लिए लगाई दौड़

बागेश्वर। महिला होमगार्ड भर्ती दूसरे दिन जारी रही। 20 बालिकाओं को एक साथ दौड़ाया जा रहा है। 250 अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा आयोजित की गई। यह भर्ती 22 सितंबर तक चलेगी। पुलिस लाइन पर होमगार्ड भर्ती आयोजित हो रही है। महिला होमगार्ड के लिए 2400 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रतिदिन 250 को शारीरिक परीक्षण के लिए बुलाया जा रहा है।

मंडलीय कमांडेंट ललित मोहन जोशी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री जल्द करेंगे कैबिनेट विस्तार और दायित्वों की घोषणाः महेन्द्र भट्ट

हल्द्वानी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि कैबिनेट विस्तार और दायित्वों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केन्द्रीय हाईकमान से वार्ता कर चुके हैं। जल्द ही पार्टी के जिम्मेदार लोगों को दायित्व मिलेंगे, साथ ही कैबिनेट विस्तार में योग्य विधायकों को मौका मिलेगा।

भाजपा के लोकसभा सम्मेलन में बुधवार को हल्द्वानी पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने रामपुर रोड स्थित होटल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नेतृत्व से कैबिनेट विस्तार व दायित्यों को लेकर राय ली है। अब वह जल्द ही कैबिनेट विस्तार के साथ ही दायित्वों के वितरण को लेकर घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव में मिली जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। जिससे पार्टी को लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा पूरी तरह से लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। जिसके तहत पहले चरण में टिहरी, नैनीताल व अल्मोड़ा सीट पर लोकसभा सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे चरण में हरिद्वार व देहरादून में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## स्कूटी में शराब तस्करी करते पकड़ा

पिथौरागढ़। डीडीहाट पुलिस ने शराब तस्करी करते एक व्यक्ति को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पंत के नेतृत्व में मिर्थी मार्ग में चैकिंग अभियान चलाया।

# श्रमिकों ने सहायक श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



रुद्रपुर। बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के पदाधिकारियों ने श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सहायक श्रम आयुक्त प्रशांत कुमार को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

बुधवार को बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के महामंत्री हीरा सिंह राठौर ने कहा कि श्रमिक यूनियन ने गठन के बाद वैधानिक तरीके से प्रबंधन को आवश्यक वेतन बढ़ोतरी सहित कंपनी के नियमानुसार, श्रमिकों को दी जाने वाली सुविधाओं का मांग पत्र छह अप्रैल 2023 को दिया था। इसके बाद किसी भी मांग पर प्रबंधन ने गौर नहीं किया।

इसे कंपनी में श्रमिकों का शोषण बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि महंगाई के दौर में भी श्रमिकों का वेतन न बढ़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। लंबे समय से अपनी जायज वैध मांगों पर कार्यवाही नहीं करने से श्रमिकों में रोष है। बताया कि श्रमिकों को काम करते हुए 16 वर्ष हो चुके हैं। श्रमिकों का वेतन नहीं बढ़ाया गया है।

वहीं एक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि शासन–प्रशासन को श्रमिकों के हित में श्रम कानूनों का पालन कराने की जिम्मेदारी है। ऐसा नहीं होने से श्रमिकों का शोषण बढ़ता जा रहा है। सहायक श्रम आयुक्त ने श्रमिकों के मांग पत्र को संज्ञान में लेते हुए 16 सितंबर को कंपनी प्रबंधन सूचित करते हुए त्रिपक्षीय बैठक बुलाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान यूनियन उपाध्यक्ष जगमोहन डसीला, संयुक्त मंत्री नागेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष हेम दुर्गापाल, संदीप हुड्डा, महिपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पोषण रैली से पौष्टिक भोजन के प्रति किया जागरूक

रुद्रपुर। राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण माह के तहत रुद्रपुर में बुधवार को पोषण जन जागरूकता रैली निकली। डीएम उदयराज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली कलेक्ट्रेट से रुद्रपुर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी पार्क तक पहुंची रैली में महिलाओं, बच्चों, किशोरियों और जन सामान्य को राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत सही पोषण के प्रति जागरूक किया। पोषण रैली के साथ पोषण रथ के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं जन सामान्य को पौष्टिक भोजन के बारे में जागरूक किया। पोषण रथ एवं रैली के माध्यम से पोषण में स्थानीय मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में भी जागरूक किया।

# डीडीहाट में लोगों ने आंखों में काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़। अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती के साथ ही तीन सूत्रीय मांग को लेकर 28वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने आंखों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।समिति के संयोजक राजेंद्र बोरा और रविंद्र बोरा ने कहा कि सरकार जब तक तीन सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा । कहा कि अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद भी सरकार ने क्षेत्रवासियों के हितों की अनदेखी की है। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक के प्रति अनदेखी का आरोप लगाते हुए आंखों में पट्टी बांधकर नारेबाजी की। इस दौरान कंचन चुफाल,ललिता चौहान राजेंद्र बोरा,रवि बोरा मौजूद रहे।

# एसओजी के विवेचक के नाम पर ठगे 2.20 लाख रुपये



रुद्रपुर। एनडीपीएस एक्ट में नाम हटवाने के नाम पर फर्जी एसओजी का अधिकारी बनकर दो लाख 20 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रकम नहीं देने पर उसके परिवार के अन्य लोगों पर भी मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम गोधी बिलासपुर जिला रामपुर निवासी उत्तम खान पुत्र स्व गुच्चान खान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि भैसिया ज्वालापुर जिला रामपुर यूपी निवासी गोसिन पुत्र नन्हे खान को स्मैक के मामले में एसओजी रुद्रपुर ने पकड़ लिया था। इस मामले में उसके भांजे अलीनगर कोटा थाना बिलासपुर रामपुर निवासी अलमारा पुत्र असलम खान का नाम भी था। वहीं इस मामले में एक आरोपी अलमास भी था। मामले में एक दिन उसे एक व्यक्ति की कॉल आई और उसने खुद को रुद्रपुर एसओजी का विवेचक अधिकारी आसिफ हुसैन बताया। उसने कहा कि अगर बचना चाहते हो तो उससे आकर मिलो नहीं तो अलमास के साथ–साथ घर की महिलाओं को जेल भेज देंगे। उसने अपने साथी अलीम को उसके भांजे के घर पर भेजा। अलीम के साथ वह भी आया था, जिसने उससे मिलवाया। वह तीन लाख रुपये की मांग करने लगा। कहा कि मामले से वह अलमास का नाम निकाल देगा। आरोप है कि उसने दो लाख 20 हजार रुपये डरा–धमकाकर ले लिए। पुलिस से जानकारी लेने पर पता चला कि वह एसओजी का विवेचक अधिकारी आसिफ हुसैन नहीं, बल्कि एक आम आदमी गुफरान था। वहीं आसिफ हुसैन विवेचना अधिकारी नहीं, एसओजी कर्मी है। वह उसकी ठगी के जाल में फंस गया। पीड़ित का आरोप है कि अलीम और गुफरान रकम वापस मांगने पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसवाकर पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ठगी के शिकार युवक के खाते में वापस कराए 30 लाख

चम्पावत। साइबर सेल ने टनकपुर निवासी एक युवक के खाते से साइबर ठगों के लूटे गए 30 लाख रुपए की धनराशि वापस कराई है। एसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश में साइबर ठगी के शिकार हुए पीड़ितों से लूटी गई धनराशि वापस कराए जाने को लेकर टीम गठित की गई। कोतवाल चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि बीते दिनों टनकपुर निवासी ललित सिंह के खाते से साइबर ठगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 30 लाख रुपए लूट लिए थे। साइबर सेल ने पीड़ित के लेन–देन का विवरण पूछ कर उचित कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि लौटा दी। उन्होंने लोगों ने सतर्क और जागरुक रहने की सलाह दी है। पुलिस टीम में एसएसआई बच्ची सिंह, साइबर सैल प्रभारी मीनाक्षी नौटियाल, बिहारी लाल कुशवाहा, आशा आदि रहे।

# नवजात का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी



अल्मोड़ा। नगर क्षेत्र में ममता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। त्रिपुरा सुन्दरी वार्ड क्षेत्र में बुधवार दोपहर दो बजे झाड़ियों में एक अज्ञात शिशु का शव सड़ी गली अवस्था में मिला है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने सभासद अमित साह मोनू को दी जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। क्षेत्र निवासी नमिता साह अपनी भूमि में अपनी गाय को लेने गई थी तो उनको कपड़ों में लिपटी एक बच्चे की लाश दिखी जिसे देखकर उनके होश उड़ गए।

जिसके बाद मामले की सूचना लक्ष्मेश्वर सभासद अमित ने पुलिस को दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने झाड़ियों में बच्चे की रोने की आवाज सुनी थी। लेकिन झाड़ियां घनी होने के कारण किसी को भी इस बात का एहसास नहीं हुआ। बुधवार दोपहर नमिता साह जब अपनी गाय को लेने गई तो उनको सड़ी गली अवस्था में कपड़ों के साथ बच्चे का शव दिखाई दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे लक्ष्मेश्वर वार्ड के सभासद अमित शाह मोनू ने पुलिस प्रशासन को इसकी खबर दी इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार शव काफी दिन पुराना होने के चलते सड़ गल गया है व 20–25 दिन का नवजात प्रतीत हो रहा है।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था को धनराशि हस्तांतरित करने के बाद निर्माण कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त होने चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो के लिए स्थल चयन एवं टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। संचालित निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करें और जो कार्य पूरे हो चुके है उनको शीघ्र विभागों को हस्तांतरित किया जाए। जिला योजना के ऐसे निर्माण कार्य जो किसी विवाद या अन्य कारणों से रूके हुए है और नहीं हो सकते है, उनके स्थान पर नई योजनाओं को प्रस्तावित किया जाए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, बाल विकास, मत्स्य, उद्यान, शहरी विकास आदि विभागों द्वारा कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से संचालित कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि नए शासनादेश के तहत विभाग अपनी परिसंपत्तियों को आम लोगों को शादी, विवाह या किसी अन्य उद्देश्य के लिए किराए पर दे सकते है और प्राप्त किराए की धनराशि का 50 प्रतिशत विभाग तथा 50 प्रतिशत धनराशि राजकोष में जमा करनी होगी। ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया ने बताया कि जिला योजना, राज्य सेक्टर तथा केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत विभागों द्वारा दिए गए 282 कार्यों में से 152 कार्य पूर्ण हो गए है। इसमें जिला योजना के 90 प्रतिशत कार्य पूरे कर लिए गए है।

## धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खाका तैयार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कोट ब्लाक के अंतर्गत सिद्धपीठ मां भुवनेश्वरी मंदिर सितोन्स्यूं में शारदीय नवरात्रि पर आयोजित होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खाका तैयार हो गया है। मंदिर समिति के अनुसार 15 से 23 अक्टूबर तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

श्री भुवनेश्वरी मंदिर समिति तथा सिद्धपीठ श्री भुवनेश्वरी मंदिर भौवन प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। तय कार्यक्रम के तहत 15 से 23 अक्टूबर तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें महिला कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियां काफी आकर्षण रहेगी। नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के संयोजक आचार्य अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल ने की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक हर रोज मंदिर में त्रिकाल धुर्येल, मां की दैनिक पूजा, विद्यालयों एवं महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कथा प्रवचन, आरती, सांय कालीन आरती आयोजित की जाएगी। इसके अलावा बैठक में बताया गया कि धार्मिक आयोजन के दौरान महिला मंडलियों प्रतिभाग करेंगी, उनकी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। जिसमें गायन, वेशभूषा, अनुशासन आदि को शामिल किया जाएगा। महिला मंडलियों के लिए मांगल गीत, एक कीर्तन अनिवार्य होगा। चौफल्या, थड़या आदि की प्रस्तुति होगी।

## संघर्ष ही सफलता की पहली सीढ़ी : प्राचार्य



**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने प्रत्येक माह अधिकतम उपस्थिति वाले छात्र-छात्रा को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत करने की भी घोषणा की। उन्होंने सभी नव प्रवेशित छात्रों को एक वयस्क की तरह व्यवहार करने हेतु तैयार रहने के लिए कहा। छात्रों को बताया कि वह एक्टिव रहें, प्रतिभाग करें तथा एक दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने छात्रों को बताया कि जीवन में बिना संघर्ष के कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता क्योंकि संघर्ष ही सफलता की पहली सीढ़ी है। उस सीढ़ी पर बिना पैर रखे व्यक्ति शीर्ष पर नहीं पहुंच सकता।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. लवनी रानी राजवंशी ने सरस्वती की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम संचालक डॉ. उमेश ध्यानी ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत किया गया। साथ ही महाविद्यालय में संचालित विभिन्न क्रियाकलाप एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, क्रीड़ा, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. अर्चना नौटियाल, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. कमल कुमार, डॉ. भगवती प्रसाद पंत, डॉ. रेखा यादव, डॉ. नीना शर्मा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. शेफली रावत, डॉ. वरूण कुमार, वरिष्ठ प्रो. एसपी मधवाल, डॉ. कमल कुमार, डॉ. डीसी मिश्रा, डॉ. डीसी बेबनी, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ. विनीता, डॉ. अभिषेक कुकरेती, एनएसएस प्रभारी डॉ. अर्चना नौटियाल, डॉ. शिप्रा, डॉ. संजय मदान, डॉ. वीके सैनी, डॉ. शुभम काला, डॉ. प्रीति रावत, डॉ. कृतिका क्षेत्री, डॉ. भगवती प्रसाद पंत आदि मौजूद थे।

## ईको विकास समितियां गठित की जाए



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को जिला स्तरीय ईको टूरिज्म विकास समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ईको टूरिज्म साइट्स को विकसित करने के लिए प्राकृतिक सामग्रियों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। घेस-वगजी ट्रैक मार्ग सुदृढीकरण और मंडल से चोपता तथा भुलकना से सौखर्क ट्रैक मार्ग पर बर्ड वाचिंग का प्रशिक्षण शीघ्र शुरू किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोकल गाइड के साथ बाहर से भी प्रोफेशनल प्रशिक्षकों को शामिल किया जाए। ट्रैक मार्गों पर निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ ही साफ-सफाई के लिए ईको विकास समितियां गठित की जाए।

उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में 06 प्रमुख ट्रैक मागी के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिए गए है। जिसमें माणा से सतोपंथ, माणा से वसुंधरा, लार्ड कर्जन/कुंवारी पास, मण्डल से चोपता तथा भुलकाना से सौखर्क होते हुए तुंगनाथ, घेस-वगजी ट्रैक, लोहाजंग से भेंकलताल ट्रैक, वांण-वेदनी-रूपकुंड ट्रैक शामिल है।

जिला स्तर से घेस-वगजी ट्रैक सुधारीकरण के लिए जो धनराशि मिली है उसमें काम शुरू कर दिया गया है। बैठक में उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, परियोजना निदेशक आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## रूद्रप्रयाग आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, अधिकारी सतर्क एवं संवेदनशील रहें

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के तत्वाधान में विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक प्रशासनिक अकादमी नैनीताल महेश कुमार ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है जो जोन-5 में आता है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा घटित होने पर सभी का यह ध्येय होना चाहिए कि कम से कम समय में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि बड़ी घटना घटित होने पर उसे कम किया जा सके। इसके लिए सभी अधिकारी हर समय सतर्क एवं संवेदनशील रहें।

प्रशिक्षण कार्याशाला का मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार एवं प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल की ओर से सुदूरवर्ती जिलों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन, सूचना अधिकार, सेवा का अधिकार, ई-आफिस एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के अधिकारियों द्वारा जो भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उसको सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ ग्रहण करें तथा किसी भी तरह की कोई शंका है तो उसका समाधान प्रशिक्षण के समय ही संबंधित अधिकारियों से उसका समाधान कर लिया जाए। प्रभारी प्रशासनिक अकादमी नैनीताल डॉ. ओमप्रकाश ने कहा कि किसी प्रकार की आपदा घटित होने पर जोखिम को कैसे कम और न्यूनीकरण करना है इसके लिए सभी अधिकारियों को तत्परता से कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कई घटनाओं जिसमें भूकंप, भू-स्खलन व अन्य दैवीय आपदा की घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से उत्तराखंड महत्वपूर्ण स्थान रखता है किन्तु यहां की प्रकृति के चेहरे पर कई घाव लगे हैं। कहा कि किसी भी तरह की आपदा आने पर उस क्षेत्र का विकास अवरुद्ध हो जाता है। प्रकृति के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न हो। कार्यशाला का सफल संचालन किशन रावत ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में शोध अधिकारी डॉ. प्रियंका त्यागी, प्रोफेसर संतोष कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए विमल कुमार, जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार, उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम, पुलिस उपाधीक्षक विमल रावत, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चौधरी, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, अधिशासी अभियंता एनएच निर्भय सिंह सहित संबंधित अधिकारी, पुलिस जवान आदि मौजूद रहे।



## भाषण प्रतियोगिता 2 अक्टूबर को

पौड़ी : नेहरु युवा कैन्द्र के सहयोग से जिला स्तर पर डिजिटल माध्यम से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को 2 अक्तूबर को संसद भवन में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि बताया कि जिले में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। प्रतिभाग करने वाले युवाओं को लाल बहादुर शास्त्री– उनके जीवन के पाठ और अमृत काल में विरासत विषय पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 3 मिनट का विडियो बनाना होगा। अपना भाषण का वीडियो संबंधित मोबाइल 8859743001 पर 14 सितम्बर सांय 5 बजे से तक भेजना होगा। इसके बाद किसी भाषण पर विचार नहीं किया जाएगा।

# आयुष्मान भवः अभियान शुरू, नि-क्षय मित्रों को किया सम्मानित




**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित करने के मकसद के साथ जनपद रूद्रप्रयाग में आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति द्वारा शुभारंभ किए गए उक्त अभियान के उदघाटन कार्यक्रम का जनपद की 73 चिकित्सा इकाईयों में सजीव प्रसारण किया गया।

माधवाश्रम चिकित्सालय रूद्रप्रयाग में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने आयुष्मान भवः अभियान के तहत प्रत्येक जनपदवासी को स्वास्थ्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभाग के साथ-साथ सभी की प्रभावी भागीदारी पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षय रोगियों की सहायता के लिए 10 नि-क्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया व जनपद में क्षय रोगियों की सहायता के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि आगामी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत 17 सितंबर से हेल्थ एंडवेलनेस सेंटर में आयुष्मान सभा व आयुष्मान साप्ताहिक मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की कवरेज को अधिकतम करना है।

ग्राम सभा पंचायत में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाने के साथ-साथ सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, वहीं आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों के आयोजन के माध्यम से निःशुल्क दवा व जांच के साथ ओपीडी, टेली कंसल्टेशन, गैर संचारी रोगों की जांच, आभा आईडी बनाए जाएंगे, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से रेफर मामलों की मेडिकल कॉलेज की हेल्थ टीम के सहयोग से विशेषज्ञ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा व अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा व 02 अक्टूबर को प्रत्येक ग्राम सभा में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव पाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग में सुबह आठ बजे से अपराह्न आठ बजे तक आयुष्मान व गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने इन कार्ड से वंचित रह गए लोगों से चिकित्सालय में आकार अपना आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, एसीएमओ डॉ. विमल सिंह गुसाईं, डॉ. गीता गोरखा, डॉ. भरत कुमार, डॉ. अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

चमोली : कोतवाली चमोली और एसओजी चमोली टीम द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने चेकिंग के समय नीरज पुत्र याद राम सैनी निवासी ग्राम शेखपुरा थाना मंडावर तहसील व जिला बिजनौर अक्षय कुमार पुत्र करण सिंह करण सिंह निवासी ग्राम कमगारपुर थाना मंडावर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश 7 पेटी अवैध शराब चंडीगढ़ मार्का के साथ गिरफ्तार किया गया है। (एजेंसी)

## कर्णप्रयाग के तीन वार्डो से आए डेंगू मरीज, स्वास्थ्य महकमा सर्तक

चमोली : नगर में डेंगू के लगातार केस मिलने से स्वास्थ्य विभाग ने वार्डों में जाकर लोगों को जागरूक करना शुरू किया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पताल में हालांकि अन्य विकासखंडों से भी डेंगू के मरीज आए लेकिन नगर के गांधीनगर, शक्तिनगर और अपर बाजार से सबसे अधिक डेंगू संभावित मरीज अस्पताल पहुंचे। ऐसे में इन वार्डों में स्वास्थ्य विभाग की टीम भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने में जुटी है। अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधीक्षक डा. हरीश थपलियाल ने बताया कि डेंगू प्रभावित वार्डों में से गांधीनगर में बुधवार को स्कूल हेल्थ की टीम डा. हिमानी के नेतृत्व में गई। जहां टीम ने डेंगू के संभावित स्त्रोतों का पता लगाकर इसे खत्म करने के प्रयास में जुटी है। जबकि गुरुवार को नगर पालिका टीम के साथ डा. मनोज मिश्रा प्रभावित क्षेत्रों में जाएंगे। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए कहीं भी पानी जमा ना होने दें,


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री खुशबू डंडरियाल का जन्म 06-03-2008 को हुआ है। मैंने अभी तक अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया हैं। मुझे अपनी पुत्री खुशबू डंडरियाल के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

अतः मेरी पुत्री खुशबू डंडरियाल का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

**दीपा डंडरियाल पत्नी योगेन्द्र डंडरियाल निवासी बी0ई0एल रोड न्यू बालासौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


## वर्तमान जीवन में सभी के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में कौशल विकास एवं नवाचार समिति के तत्वाधान में नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लास रूम की ओर से छात्र-छात्राओं को छः दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को कार्यशाला का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह एवं नांदी महिंद्रा फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर नवीन थपलियाल ने सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर संदर्भदाता ने कहा कि वर्तमान जीवन में सभी के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता बहुत ही जरूरी है, महिलाओं के लिए और भी जरूरी हो जाता है क्योंकि इससे न केवल वह आत्मनिर्भर बनती है बल्कि सशक्त भी होती है। छात्राओं के लिए यह कार्यशाला उनके व्यक्तिव विकास में सहायक होगी, जिससे वह अपने जीवन को एक बेहतर दिशा देकर सशक्त बन पाएंगी। यह कार्यशाला उनके जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर नवीन थपलियाल ने सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को साक्षात्कार कौशल को बेहतर बनाने के टिप्स दिये। कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुधीर सिंह रावत ने किया। इस कार्यशाला में डॉ. दुदुन मेहता, डॉ. नीरज असवाल, डॉ. विवेक रावत, डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र यादव, डॉ. चंद्र कांत तिवारी, डॉ. मीनू बुटोला, डॉ. शिवानी धूलिया, डॉ. अजय कुमार, डॉ. गिरीश चंद्र आर्य, डॉ. विनोद कुमार एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो

Email ID :-eepwdbaijro01@gmail.com, eepwdbaijro@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01348-267116)

पत्रांक- 1585/17ए0सी0 दिनांक - 12/09/2023

## निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड राज्य में मार्ग कार्य के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.09.2023 से 23.09.2023 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से निर्धारित शुल्क एवं मार्ग/भवन कार्य के लिये पंजीकृत की अद्यतन वैधता प्रमाण पत्र देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 25.09.2023 की अपराहन 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों से प्राप्त कराये जा सकते हैं। बिलम्ब से पहुंचने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0नि0 बैजरो
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ।
4. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

निविदा अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0नि0 बैजरौ के कार्यालय में दिनांक 26.09.2023 को अपराह्न 1:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा का मूल्य (लाख रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | **राज्य योजना के अन्तर्गत** | | | | | |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत फरसाडी-गढकोट-छांछरौ मोटर मार्ग से गुडियलखिल तक मोटर मार्ग के किमी0 1 (चै0 0.000 से 1.000) में पहाड़ कटान का कार्य | 45000.00 | 1500+18% GST | 45 दिन | 06 माह | -तदैव- |

नोट :- समस्त निविदादाता निविदा डालने से पूर्व शर्तो का अवलोकन खण्डीय कार्यालय में कराना सुनिश्चित करें।

## सम्पादकीय

# लौट रही शांति से परेशान

कश्मीर घाटी में पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर आतंकी गतिविधियां नजर आने लगी है जिसका मुंह तोड़ जवाब भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा दिया जा रहा है। हालांकि इस बार भारतीय सेवा एवं जम्मू पुलिस को एक बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है जिसके तहत सेना के दो अफसर एवं एक डीएसपी आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी के बाद राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग कर्नल, जम्मू–कश्मीर पुलिस के डीएसपी समेत तीन अफसर शहीद हो गए हैं। ऐसे दौर में जब कश्मीर घाटी शांति और अमन की दिशा में बेहद तेजी के साथ दौड़ रही है और यहां के लोग भी भारत सरकार कि इस मुहिम में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, आतंकी संगठनों को घाटी का यह बदलता स्वरूप रास नहीं आ रहा है। सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ–साथ अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए भारतीय सुरक्षा बलों ने बेहद कड़ा रवैया अपनाया है और इसी का परिणाम है कि पिछले कुछ वर्षों में अवैध घुसपैठ की घटनाओं में बड़े तौर पर रोकथाम देखने को मिली है। हालांकि तब तक किसी व्यवस्था को पूर्ण नहीं माना जा सकता जब तक वह पूरी तरह सुरक्षित साबित ना हो जाए। सीमा पार से भारतीय सीमा में आतंकवादियों की घुसपैठ अभी भी कहीं ना कहीं हमारी सुरक्षा कमियों को दर्शाता है, लेकिन इसके मायने यह कतई नहीं है कि अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकियों को बख्शा जा रहा है। सुरक्षा बलों ने अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकियों को निपटाने का काम बेहद कुशलता के साथ किया है और पिछले दिनों भी अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकियों को मार गिराया गया है। भारत सरकार कश्मीर में पूर्ण शांति बहाल करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है और इसके लिए यहां के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की भी कई योजनाएं घाटी में चलाई जा रही हैं। सरकार के प्रयासों का असर नजर भी आया है और कश्मीर के लोग प्रमुख धारा से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं, फिर वह चाहे सुरक्षा बलों में नौकरी हो या फिर दम तोड़ रहे उद्योग धंधों को एक बार फिर पुनर्जीवित करने के प्रयास। भारत सरकार के प्रयासों को कश्मीर की जनता द्वारा हाथों–हाथ लिया जाना साफ दर्शाता है कि घाटी के लोग भी पाकिस्तान की आतंकी साजिशों से परेशान है और पड़ोसी देश में पनप रहे आतंकी संगठनों की हरकतों के कारण उनके नियमित जीवन पर भी प्रभाव पड़ रहा है। सबसे बड़ी चिंता इस बात को लेकर है कि सीमा पर कड़ी चौकसी एवं सुरक्षा बलों को व्यापक अधिकार देने के बावजूद भी आतंकियों का अवैध घुसपैठ करना पूरी तरह से रुका नहीं है। निश्चित तौर पर अभी भी कश्मीर घाटी में कुछ ऐसे लोग हैं जो इन आतंकियों को शरण देने का काम कर रहे हैं, जिन्हें चिन्हित करना बेहद जरूरी है। किसी भी भारतीय नागरिक या फिर सुरक्षा कर्मी का शहीद होना भारत के लिए एक बड़ी क्षति है और इस पर रोकथाम तभी लग सकती है जब सीमा पार से अवैध घुसपैठ को पूर्ण तरीके से बंद करने के लिए सुरक्षा प्रबंधन पर फूल प्रूफ नीति के तहत कार्य किया जाए। स्थानीय इंटेलिजेंस के तहत ऐसे लोगों की पहचान भी जरूरी है जो पड़ोसी देशों में पनपने वाले आतंकी संगठनों से संपर्क रखे हुए हैं और उनके द्वारा भारत में साजिश फैलाने की योजना बनाने वालों को शरण देने का कार्य कर रहे हैं।

# माउथवॉश से ओरल कैंसर का रहता है खतरा, एक्सपर्ट ने बताया क्या है दोनों के बीच लिंक

जो लोग हर रोज माउथवॉथ का इस्तेमाल करते हैं उनके लिए एक बुरी खबर है. हाल ही में एक रिसर्च सामने आई है जिसमें कहा गया है कि माउथवॉश का ज्यादा इस्तेमाल आपको ओरल कैंसर की तरफ धकेल सकता है. माउथवॉश की जगह मुंह को फ्रेश रखने के लिए अगर आप घरेलू चीजों और हर्बल चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो वह ज्यादा फायदेमंद होता है.

**क्या कहता है रिसर्च**

रिसर्च में यह बात सामने आई है कि माउथवॉश में इथेनॉल नाम का एक खास तरह का पदार्थ होता है जो मुंह की बैक्टीरिया का साथ मिलता है तो तुरंत एसीटैल्डिहाइड में बदल जाता है. और यह ओरल कैंसर पैदा करने में सक्षम है. इसलिए हर रोज माउथवॉश का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि यह कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है. फ्रंटियर्स रिसर्च फाउंडेशन में पब्लिश एक आर्टिकल के मुताबिक एसीटैल्डिहाइड एक टॉक्सिक पदार्थ है. इस पादर्थ का लेवल अगर दिमाग में बढ़ जाए तो यह एसीटैल्डिहाइड का लेवल बढ़ाने लगता है.

**अल्कोहल वाले माउथवॉश**

अल्कोहल वाले माउथवॉश हमारे मुंह में अच्छे बैक्टीरिया को भी मारता है, जो नाइट्रोजन को नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है जो हमारे दिल के लिए अच्छा होता है.माउथवॉश से कैंसर होने पर रिसर्च की कमी के बावजूद रोजाना माउथवॉश के उपयोग को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं. इसलिए अपने ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए घर पर बने नैचुरल तरीका ही सबसे बेस्ट होता है.

**नमक वाले पानी से कुल्ला**

नमक का पानी मसूड़ों की जलन को शांत करने, सूजन को कम करने और बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकता है. एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर करने से आपके ओरल हेल्थ के लिए बेस्ट है.

**बेकिंग सोडा से कुल्ला**

बेकिंग सोडा को पानी में घोलकर मुंह धोने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. यह मुंह में एसिड को बेअसर करने, प्लाक हटाने और सांसों को ताज़ा करने में मदद कर सकता है.**हाइड्रोजन पेरोक्साइड कुल्ला**बैक्टीरिया को मारने और दांतों को सफेद करने के लिए पतला हाइड्रोजन पेरोक्साइड समाधान (आमतौर पर 1–2 प्रतिशत) का उपयोग माउथवॉश के रूप में किया जा सकता है. इस पानी को निगलने से बचें क्योंकि यह हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भी ज्यादा असरदार है क्योंकि यह आपके मुंह को सूजने से पहले दांतों पर दाग भी लगा सकता है.

**नारियल तेल का इस्तेमाल**

अपने मुंह में एक बड़ा चम्मच नारियल तेल डालें और उसे 15–20 मिनट के लिए घुमाते रहें. ऐसा करने से मुंह का बैक्टीरिया दूर हो जाता है.

76वीं पुण्यतिथि पर विशेष

# "शाश्वत मृत्यु का अनोखे ढंग से स्वागत करने वाले कवि चन्द्रकुवर बर्त्वाल"

**हेमंत चौकियाल**

जो व्यक्ति हिमवंत कवि चन्द्रकुँवर बर्त्वाल के नाम से परिचित न भी हो और वह उनके समकालीन हिन्दी साहित्य में चर्चित और स्थापित कवियों की, चन्द्रकुँवर के साहित्य का अवलोकन कर उनके बारे में बारे में रखी राय को ही पढ़ ले तो, सहसा वह अनजान व्यक्ति भी आभास कर लेगा कि चन्द्रकुँवर जी किस स्तर के कवि रहे होंगे। इसे हिन्दी साहित्य प्रेमियों का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि20अगस्त 1919से 14 सितम्बर 1947, के छोटे से जीवन काल में, मृत्यु जैसी डरावनी कल्पना, लेकिन शाश्वत सत्य को भी, अपने ही अंदाज में स्वागत करने वाले कवि के अधिकांश साहित्य से साहित्य जगत अपरिचित सा ही है। मृत्यु जैसे विषय को यदि किसी कवि ने जी भर कर जिया है तो वह विश्व भर का अकेला कवि चन्द्रकुँवर बर्त्वाल ही है।

विश्व साहित्य के इतिहास पर नजर दौड़ाएं तो कई कवि ऐसे हुए हैं जिन्होने बहुत कम उम्र में ही अपने रचित साहित्य से ऊँचा मकाम बनाया है। बहुत कवियों ने मार्मिक प्रेमगीत लिखे हैं, विरह गीत लिखे हैं, लेकिन मृत्यु का स्वागत जिस उल्लास से चन्द्रकुँवर बर्त्वाल ने किया है वह उनके साहित्य के बाहर दुर्लभ है। वे विश्व के अकेले कवि हैं जिन्होंने मृत्यु को जी भर कर जिया है। भले ही इस यात्रा में कई बार विशाद के क्षण भी आये, कई बार घनघोर नैराश्य भी उन पर हावी हुआ लेकिन तमाम मनोभावों के बीच उन्होंने मृत्यु का स्वागत जिस ढ़ंग से किया वह उनके साहित्य के विशाल फलक की एक बानगी है। साहित्य जगत में उनके कद और लेखन के स्तर को उनके समकालीन साहित्यकारों की टिप्पणियों से सहज ही अंदाजा किया जा सकता है कि वे किस स्तर के कवि थे–

हिन्दी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर नामवर सिंह की टिप्पणी–

चन्द्रकुँवर बर्त्वाल को जितना मैं पढ़ पाया, उनकी कविताओं से मेरा जितना परिचय किसी न किसी माध्यम से हो पाया। मैं कहना चाहूँगा – पहाड़ के जीवन को चन्द्रकुँवर बर्त्वाल जितनी अच्छी तरह से अपनी कविताओं में लेकर चले उतना पहाड़ का कोई दूसरा कवि मुझे करते हुए नहीं दिखता है। फिर चाहे वह सुमित्रानंदन पंत हो या फिर इधर जो लोग लिख–पढ़ रहे हैं।

(नामवर सिंह – 11जून 2011)

सतत निद्धियासन से अपने रचनाओं को संयमपूर्ण बनाने की वृत्ति श्री मैथिलीशरण गुप्त के अनंतर मुझे यदि किसी दूसरे हिन्दी के कवि में दिखाई दी तो चन्द्रकुँवर बर्त्वाल में।

(शंभू प्रसाद बहुगुणा– जिन्होने चन्द्रकुँवर के अधिकांश साहित्य से हिन्दी जगत को परिचित कराया)

"मृत्यु की साक्षात तीव्र अनुभूति के मध्य में कवि ने अपनी" यम" शीर्षक कविता लिखी जो कि शब्दों की प्रचंड शक्ति एवं उत्तरहीन उपालंभ के गुणों से संसार की यम विषयक कविताओं में श्रेष्ठतम स्थान पाने योग्य है। यमराज के साथ हमारे देश का परिचय कई सहस्राब्दियों से है, किंतु कठोपनिषद की एक झाँकी के अतिरिक्त यम का मकान इस प्रकार का साहित्यिक अस्तित्व अन्यत्र दुर्लभ है।

(डॉ० गोविंद चातक।)

चन्द्रकुँवर बर्त्वाल प्रकृति के अनोखे, विलक्षण, चितेरे कहे जायेंगे। उन्होंने जिस रूप में हिमालय को चित्रित किया है, वह कुछ कुछ विस्मय में डालने वाला अंकन है क्योंकि शब्दों में रंगों को उतना ही चमकीला और गतिमान बनाना दुष्कर कार्य है।

आँखों से देखे जाने वाले विस्तृति को रेखाओं में चित्रित करना जिस तरह असंभव लगता है, ठीक वैसे ही छायाओं की अर्थगांभीर्य आकृति को शब्दों में बुन पाना कठिन दिखता है। विस्मृति के भावजन्य त्रास को जैसे संगीत की धुनें पकड़ती हैं– शब्द दौड़ दौड़ कर उस त्रास का शतांश भी नहीं जानते किंतु इस असंभव से कार्य को चन्द्रकुँवर बर्त्वाल ने संभव किया है। वे निसंदेह हिन्दी के एक विरल कवि हैं।

(डॉ० गंगा प्रसाद विमल।)

"यदि उनकी कविताओं पर दृष्टिपात किया जाये, तो कवि बर्त्वाल नन्दन वन के सुन्दर स्वर देने वाले कवि हैं। उनकी कविताएं स्वयं उनकी कसक भरी कहानी है। कवि भाव सम्प्रेषण की कला में सिद्धहस्त है। भावाभिव्यक्ति, विचार मंथन, सूक्ष्म वर्णन तथा उनके मन, प्राण व आत्मा के स्पन्दन को प्रतिबिंबित करने में भाषा कहीं भी बाधा नहीं रही। उनकी भाषा नृत्य करती हुई भावों की अनुगामिनी बनी रही क्या मृदु कोमल पदावली वाली हो, क्या संगीतमयी संस्कृत निष्ठ शब्द सौंदर्य, क्या प्रकृति के कोमल रूप का वर्णन हो, क्या गंभीर व प्रकृति के भीतर कठोर रूप के चित्रण की भाषा हो, क्या ऐन्द्रिक रूप के वर्णन की भाषा सभी रूपों में उनकी भाषा सार्थक शब्दों एवं उपयुक्त पद मैत्री की संवाहिका रही है।

(डॉ० श्यामधर तिवारी।)

"सर्जना की प्रमुख संवाहिका के रूप में प्रकृति कितनी मार्मिक, प्रभावोत्पादक भूमिका निभाती है। इसके दृष्टान्त के रूप में चन्द्रकुँवर को लिया जा सकता है... वे समूचे रूप में प्रकृति के ही कवि थे। उनकी सृजनात्मकता को प्रकृति ने इस रूप में आच्छादित किया हुआ है कि उन्हें प्रकृति से बाहर किसी स्थिति विशेष के कवि के रूप में जाना ही नहीं जा सकता... बाहरी प्रकृति चेतना का विशेष भाग बनकर चन्द्रकुँवर की कविताओं में उतरती है।

(गंगा प्रसाद विमल।)

"प्रकृति की सुन्दरता से आधुनिक हिंदी कविता का अभिषेक करने वाले कवियों में है चन्द्रकुँवर बर्त्वाल"।

(डॉ० उमाशंकर सतीश।)

उमेश मिश्र जी का कथन है कि –

"बर्त्वाल जी की प्रतिभा का ठीक–ठीक अंकन तक अभी हिंदी जगत नहीं कर पाया है पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि ऋग्वेद के सजीव प्रकृति वर्णन कर जो उन्होंने अपनी रचनाओं में उपस्थित किया है वह अन्यत्र देखने को नहीं मिलता।

इस विकासोन्मुख सच्चे कवि का हमारे बीच से उठ जाना हमारे और हिंदी के दुर्भाग्य का सूचक है।

**(लेखक शिक्षक और वरिष्ठ साहित्यकार हैं)**

# जी–20 का डंका बजता रहेगा

**अजीत द्विवेदी**

जी–20 का शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है लेकिन उसका डंका बजना अभी जारी रहेगा। अभी तक भारत को जी–20 की अध्यक्षता मिलने और उसके आयोजन की तैयारियों को लेकर जय–जयकार हो रही थी लेकिन अब सफल आयोजन का डंका बजेगा। दुनिया भर के देशों के नेता दिल्ली से लौटते लौटते भारत के आयोजन की तारीफ करके गए हैं। जी–20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा ने तो यहां तक कहा कि उनका देश भारत की तरह ही आयोजन करने की भरपूर कोशिश करेगा। आयोजन की भव्यता के साथ साथ इसकी सफलता को लेकर भी बहुत चर्चा हुई है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति की तारीफ अलग अलग तरह से सभी देशों ने की। इस घोषणापत्र को रूस ने अपनी जीत बताया तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूरोप की जीत बताया। भारतीय मीडिया में इस बात का भरपूर प्रचार हुआ कि भारत ने 37 पन्नों और 83 पैराग्राफ के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनवाई। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि इसकी तारीफ रूस भी कर रहा है और यूरोप भी। सारी दुनिया भारत के नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यह कह कर भारत का मान और बढ़ा दिया कि सही समय पर सही देश को जी–20 का नेतृत्व मिला। इस तरह जी–20 की कूटनीति के बाद अब इसके राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मैदान सज गया है।

ऐसा नहीं है कि पहले इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो रहा था। जब से भारत को जी–20 की अध्यक्षता मिली तभी से इसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू की छवि बनाने के लिए किया जाने लगा था। उसके बाद एक सच्चे और बड़े इवेंट के आयोजक की तरह प्रधानमंत्री ने इसका विस्तार बहुत व्यापक कर दिया। पिछले साल दिसंबर में भारत को इसकी अध्यक्षता मिली थी उसके बाद नौ महीने में देश के 60 शहरों में जी–20 से जुड़ी 220 से ज्यादा बैठकें हुईं। इन बैठकों में दुनिया के अलग अलग देशों के 25 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राजील में सिर्फ पांच शहरों में बैठकें होंगी। भारत में पर्यटन से लेकर खाद्य सुरक्षा और लघु व छोटे उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र के बारे में विचार किया गया और उसका रोडमैप तैयार किया गया। अफ्रीकी संघ के 55 देशों की इसमें बड़ी भागीदारी रही और जी–20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अफ्रीकी संघ को जी–20 का हिस्सा बनाने का ऐलान हुआ। भारत को इसका श्रेय मिला कि उसने वसुधैव कुटुम्बम और अपने समावेशी विकास के सिद्धांत पर चलते हुए अफ्रीका को इस विकसित देशों के समूह का हिस्सा बनवाया।

आमतौर पर वित्त और विदेश नीति से देश की आम जनता को कोई खास मतलब नहीं होता है। तभी 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के बावजूद बजट से लोगों को इतना ही मतलब होता है कि क्या महंगा हुआ और क्या सस्ता और कूटनीति से सिर्फ इतना सरोकार होता है कि पाकिस्तान को भारत ने ठीक कर दिया, पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, उनके यहां आना–जाना बंद कर दिया है आदि। थोड़े पढ़े लिखे लोगों का सरोकार इतना होता है कि अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, कनाडा आदि का वीजा मिल जाए। यह पहला मौका था, जब सरकार ने जी–20 के बहाने कूटनीति को पढ़े–लिखे, सम्भ्रांत शहरी वर्ग के ड्राइंग रूम से निकाल कर गांव–कस्बों के चौपाल और चाय की दुकान तक पहुंचा दिया। पिछले नौ महीने से हर व्यक्ति जी–20 के बारे में बात करता हुआ था। उसे इसका एजेंडा भले न मालूम हो लेकिन यह पता चल गया था कि भारत में बहुत बड़ा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनिया की सारी महाशक्तियों के नेता नई दिल्ली में जुट रहे हैं। सरकार, भाजपा और आरएसएस के प्रचार तंत्र से उनको यह भी पता चल गया था कि मोदी हैं तभी ऐसा हो रहा है। देश की ज्यादातर आबादी अब भी यही मान रही है कि पहली बार इस तरह का आयोजन भारत में हुआ है।

बची खुची कसर आयोजन के तीन दिन यानी आठ और दस सितंबर की कवरेज ने पूरी कर दी। दुनिया के महाबली देशों के विमानों का हवाईअड्डे पर उतरना, नेताओं का भारत मंडपम में पहुंचना, मोदी का उन्हें गले लगाना, दुनिया की महाशक्तियों के बीच बैठे मोदी का गैवल यानी हथौड़ा पीटना और राजघाट पर एक साथ 20 से ज्यादा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों का नेतृत्व करते हुए उन्हें महात्मा गांधी की समाधि पर ले जाना, इन सबसे बेहद पावरफुल तस्वीर बनी। भूख, बेरोजगारी, गरीबी अपनी जगह है और गर्व अपनी जगह है। राष्ट्र का सम्मान, तिरंगे का गौरव आदि ऐसी भावनाएं हैं, जो नागरिकों को अपने जीवन की तमाम असुविधाओं और परेशानी से आगे ले जाती हैं। इस आयोजन के बाद यह कहते हुए बहुत से लोग मिल जाएंगे कि 'कुछ भी हो मोदी ने कमाल कर दिया'। यह धारणा अपने आप भाजपा और नरेंद्र मोदी का चुनावी स्टॉक ऊंचा करने वाली है। इसके बाद जो प्रचार होगा उससे रही सही कसर और पूरी हो जाएगी।

प्रचार की शुरुआत भी हो गई है। शिखर सम्मेलन समाप्त होने के तुरंत बाद सरकार के मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली। दोनों ने शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मोदी को बधाई दी। इस आयोजन के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले ही दिन ऐलान कर दिया कि भारत का नेतृत्व दुनिया में घोषित हो गया। अखबारों में यह लिखा जाने लगा कि जी–20 का सफल आयोजन भारत के लिए वही लम्हा है, जो 2008 में बीजिंग ओलंपिक का आयोजन चीन के लिए था। यानी जिस तरह से बीजिंग ओलंपिक के आयोजन के बाद चीन महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ा उसी तरह भारत जी–20 के आयोजन के बाद बढ़ेगा। इस आयोजन के बाद दो और आयोजन की घोषणा हो चुकी है। पहले 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय–जयकार होगी, उनका अभिनंदन होगा। फिर मोदी ने नवंबर में जी–20 के एक वर्चुअल सम्मेलन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें नई दिल्ली घोषणापत्र के प्रस्तावों पर अमल की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी चाहेंगे कि दिल्ली सम्मेलन की चर्चा होती रहे। इस बीच 'यह समय युद्ध का नहीं है' के अपने जुमले के लिए मोदी नोबल पुरस्कार के लिए नामित होते हैं तो उसकी अलग चर्चा होगी।

अगर जी–20 के एजेंडे को देखें और इसके प्रस्ताव पर नजर डालें तब भी सब कुछ अच्छा अच्छा दिखेगा। इसमें बार बार वसुधैव कुटुम्बकम की बात है, समावेशी विकास की बात है, लैंगिक समानता व सभी महिलाओं को सशक्त बनाने की चर्चा है, भविष्य के लिए हरित विकास की बात है, टिकाऊविकास और डिजिटल डिवाइड को दूर करने की बात है, बहुपक्षीय संस्थानों के निर्माण पर जोर है और दुनिया के देशों के बीच एकता बनाने की बात है।

'वन अर्थ, वन फैमिल, वन फ्यूचर' का संदेश है। नई दिल्ली घोषणपत्र में 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल नहीं हुआ लेकिन पहले इसकी इतनी चर्चा हो चुकी है कि भाजपा के तमाम नेता भारत को 'ग्लोबल साउथ' की सबसे प्रमुख आवाज के तौर पर उभरने का दावा कर रहे हैं। अगले दो महीने में होने वाले राज्यों के चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए यह प्रचार का मुख्य एजेंडा होगा कि भारत ने नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति बना कर असंभव को संभव बनाया, 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी–20 का सदस्य बनाया, जिसके बाद इसक नाम जी–21 हो गया और 'ग्लोबल साउथ' की प्रमुख आवाज बन कर उभरा। हैरानी नहीं होगी अगर भाजपा के घोषणापत्र में नई दिल्ली घोषणापत्र की चीजें शामिल हों।

# जो बीता उसे अमेरिका व वियतनाम दोनों ने भुलाया!

**श्रुति व्यास**

जो बाइडन नए रिश्ते बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए क्योंकि वे अपने कार्यकाल के उस दौर में हैं जिसमें वैश्विक मुद्दे ज्यादा महत्वपूर्ण बन गए हैं। हाल के महीनों में उन्होंने आस्ट्रेलिया, भारत और फिलिपींस के साथ सहयोग बढ़ाया है और वे कैम्प डेविड में जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं को एकसाथ बिठाकर त्रिपक्षीय–समझौता करवाने में सफल रहे है, जो वाशिंगटन अब तक नहीं कर पाया था। इसी अभियान के तहत अमरीकी राष्ट्रपति जी–20 के सफल और कम चुनौतीपूर्ण सम्मेलन में भाग लेने के बाद वियतनाम के लिए उड़ गए। वे दिल्ली छोडने़ वाले पहले विश्व नेता थे।

बाइडन ऐसे पांचवे अमरीकी राष्ट्रपति हैं जो एक समय अमरीका के प्रबल शत्रु रहे वियतनाम गए। जो बीत गया उसे भुलाना अमेरिका के लिए जरूरी है ताकि आज की चिंता को दूर हो सके। और आज की चिंता क्या है? चीन की एसिया–प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती महत्वाकांक्षाएं।

निःसंदेह अमेरिका की तुलना में वियतनाम की कही ज्यादा समानता, याराना रूस और चीन से है। वह चीन की छत्रछाया में समृद्ध हुआ है। युद्ध के बाद अलग–थलग पड़े वियतनाम के इंफ्रास्ट्रक्तर के पुनर्निर्माण, सडकें और जलमार्ग तैयार करने और कृषि के क्षेत्र में विकास में चीन ने बहुत मदद की। यही कारण है कि कुछ साल पहले तक बहुत से वियतनामी चीन को अमेरिका की तुलना में अपने ज्यादा निकट पाते थे। लेकिन अब वियतनाम आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से काफी विकसित है। साथ ही वह रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन गया है। ऐसा माना जाता है कि ताईवान के बाद संभवतः वियतनाम ही वह देश है जिसे मार्क्सवाद से दूर हटते चीन से सबसे ज्यादा खतरा है। बीजिंग लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी सार्वभौमिकता का दावा करता है, जिनमें वियतनाम के नियंत्रण वाले वे द्वीप भी शामिल हैं जिन्हें वियतनाम अपना मानता है। इसके साथ ही वियतनाम के लगभग पूरे एक्सक्लूसिव इकनोमिक जोन पर चीन की नजर है। इससे वियतनाम के मछुआरों और ऑफशोर गैस व तेल उत्पादन क्षेत्रों के साथ–साथ ही उसकी आजादी और भूमि को भी खतरा है। यही कारण है कि वियतनाम को अमेरिका से रिश्ते बेहतर करने की जरूरत महसूस हो रही है।

लगभग एक दशक से दोनों देशों के संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' कहकर परिभाषित किया जाता रहा है। लेकिन जो बाइडन तथा वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फुन ट्रिंग की मुलाकात के साथ दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को वियतनाम के सर्वोच्च कूटनीतिक पायदान पर पहुंचा बतला रहे है। यह दर्जा अभी तक केवल चीन, रूस, भारत व दक्षिण कोरिया के साथ था। अब अमेरिका को भी वियतनाम ने अपना "व्यापक रणनीतिक साझेदार" घोषित किया है। जाहिर है यह दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा है।

जो बाइडन हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं और वियतनाम को दक्षिण चीन सागर में चीन के विस्तारवाद के मुकाबले में सहयोग एवं संरक्षण की जरूरत है। हालांकि वियतनाम दक्षिण पूर्व एशिया के उन चन्द देशों में से एक है जिन्होंने चीन की दादागिरी का विरोध किया है। अब वह चीन से थोड़ी ज्यादा दूरी रखना चाहता है। वह अपने मन की करने की अधिक आज़ादी भी मांग रहा है। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों की यह अपेक्षा नहीं है कि वियतनाम चीन से सहयोग पूरी तरह समाप्त कर दे किंतु वे अमेरिका के रूप में भविष्य में उसे एक विकल्प उपलब्ध करवाना चाहते हैं।

यह सब चीन को रास नहीं आ रहा है। बाइडन की यात्रा के कुछ दिन पहले चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने अमेरिका से कहा था कि वह एशियाई देशों के संबंध में "शीतयुद्ध के समय की और जीरो सम गेम (केवल एक पक्ष के लिए फायदेमंद सौदा) की मानसिकता त्यागे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वाशिंगटन "अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मानदंडों का पालन करे"। किंतु राष्ट्रपति बाइडन ने किसी भी प्रकार का शत्रुतापूर्ण रवैया न होने का दावा किया और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में नए शीत युद्ध की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहाँ, "मेरा चीन की राह में रोड़े डालने का कोई इरादा नहीं है। मैं केवल यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि चीन से हमारे संबंध ईमानदारी पर आधारित हों और सबको यह पता रहे कि क्या हो रहा है।"

बाइडन के साथ हुए नए समझौते के बावजूद चीन वियतनाम का सबसे बड़ा साझेदार देश बना रहेगा। चीन ने साफ संकेत दिए हैं कि उसका पीछे हटकर अमेरिका को अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका देने का कोई इरादा नहीं है। इसी तरह बाइडन प्रशासन को यह डर भी है कि वियतनाम रूस के निकट बना रहेगा, जो सोवियत संघ के काल से उसका ऐतिहासिक संरक्षक रहा है। वियतनाम की सेना के ज्यादातर हथियार और अन्य सामग्री रूसी है, और उसके पास हथियार, अन्य सामग्री और कलपुर्जे मास्को से खरीदने के अलावा ज्यादा विकल्प भी नहीं हैं। लेकिन वियतनाम धीरे–धीरे रूस पर निर्भरता कम करने की कोशिश में है। और बाइडन की यात्रा के बाद अमेरिका एफ–16 लड़ाकू विमान और सैन्य रडारें वियतनाम को बेचने का फैसला कर सकता है, हनोई जिन्हें पाने की आकांक्षा रखता है।

बावजूद इस सबके जो बाइडन की वियतनाम की ऐतिहासिक यात्रा से सभी लोग खुश नहीं हैं। अमेरिका में आलोचक उन पर ऐसी सरकार के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगा रहे हैं जिसका रिकार्ड मानवाधिकारों के मामले में बहुत खराब है। वियतनाम दक्षिण पूर्व एशिया के सबसे तानाशाहीपूर्ण रवैये वाले देशों में से एक बना हुआ है। गुयेन फुन ट्रिंग की सरकार ने हाल के वर्षों में असहमति और विरोध को सख्ती से दबाने का अभियान छेड़ा है।

## एकात्मधाम पूरे राष्ट्र को चैतन्य की एकात्मता से करेगा आलोकित : शिवराज

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि प्रदेश में बन रहा एकात्मधाम पूरे राष्ट्र को चैतन्य की एकात्मता से आलोकित करेगा। चौहान ने एक्स पर पोस्ट किया, आदि शंकराचार्य की ज्ञानभूमि ओंकारेश्वर से एक अभिनव युग का सूत्रपात हो रहा है।इस नयनाभिराम दृश्य को देख हृदय प्रफुल्लित तथा आनंदित है। उन्होंने कहा कि एकात्मधाम प्रकल्प पूरे राष्ट्र को चैतन्य की सार्वभौमिक एकात्मता से आलोकित करेगा। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर के ओंकार पर्वत पर एकात्मधाम का निर्माण किया जा रहा है। यहां आदि गुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। देश के प्रमुख संतों–महात्माओं की उपस्थिति में आगामी 18 सितंबर को एकात्म प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा।

## गोवा : वर्कशॉप के बहाने छात्रों को ले गए मस्जिद, करवाए गए धार्मिक रीति–रिवाज, विरोध के बाद प्रिंसिपल निलंबित

**पणजी ,(एजेंसी)।** गोवा के वास्को इलाके में केशव स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल, डाबोलिम के प्रिंसिपल शंकर गांवकर वर्कशॉप के बहाने कथित तौर पर छात्रों को मस्जिद में ले गए और वहां धार्मिक रीति–रिवाज भी करवाए। इस घटना का खुलासा होते ही भारी हंगामा होने लगा जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों को स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन (एसआईओ) ने सामुदायिक कार्यक्रम के तहत शनिवार को मस्जिद दौरे के लिए आमंत्रित किया था। प्रिंसिपल छात्रों को पास की मस्जिद में ले गए। लेकिन यहां लड़कियों को पारंपरिक मुस्लिम हिजाब पहने देखा गया और लडक़ों को मस्जिद में प्रवेश करने से पहले खुद को साफ करने के इरादे से चेहरा, हाथ और पैर धोने की रस्म वुजू करते देखा गया। इस मामले के बाहर आते ही छात्रों के माता–पिता नाराज हो गए।

स्कूल में हुई इस घटना का काफी विरोध हुआ। विहिप नेताओं ने घटना की निंदा करते हुए प्रिंसिपल को तत्काल निलंबित करने की मांग की। केशव स्मृति स्कूल के अध्यक्ष पांडुरंग कोरगांवकर ने दावा किया कि स्कूल प्रबंधन को छात्रों द्वारा मस्जिद की यात्रा के दौरान अनुष्ठान करने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल शंकर गोयनकर को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही दौरे में शामिल शिक्षकों को भी मेमो जारी किया जाएगा। उनके मुताबिक, प्रिंसिपल अंतर–धार्मिक सांप्रदायिक सद्भाव के इरादे से छात्रों को मस्जिद में ले गए थे।

## नहीं रहे केरल में भाजपा के सबसे लोकप्रिय नेता पीपी मुकुंदन, 77 वर्ष की आयु में निधन

**कोच्चि ,(एजेंसी)।** केरल में 80 और 90 के दशक के सबसे लोकप्रिय भाजपा नेताओं में से एक पी.पी. मुकुंदन का बुधवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि 77 वर्षीय वयोवृद्ध नेता पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। वह आरएसएस और फिर भाजपा में सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली संगठन महासचिवों में से एक बनकर उभरे।

कन्नूर के रहने वाले मुकुंदन1988 से 1995 तक भाजपा के मुखपत्र के प्रबंध संपादक थे। वह 2006 से अगले एक दशक तक राज्य में भाजपा से पूरी तरह से बाहर थे, लेकिन 2016 में वापस लौट आए। हालांकि तमाम कोशिशों के बावजूद वह पार्टी में अपनी पुरानी जगह नहीं पा सके।

# अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़े से बाजार उछला, निफ्टी पहली बार 20 हजार के पार

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर जुलाई में औद्यागिक उत्पादन बढ़ने और अगस्त में खुदरा महंगाई घटने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार नौवें दिन भी तेजी रही और निफ्टी पहली बार 20 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 245.86 अंक की तेजी लेकर 67466.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 76.80 अंक मजबूत होकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20070 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत चढ़कर 32,147.31 अंक और स्मॉलकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 37,296.78 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3784 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2177 में लिवाली जबकि 1480 में बिकवाली हुई वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां हरे जबकि 19 लाल निशान पर रही। खुदरा महंगाई अगस्त में घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई। वहीं, जुलाई में औद्योगिक उत्पादन बढ़कर 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। इससे उत्साहित निवेशकों की जबरदस्त लिवाली से बीएसई में इंडस्ट्रियल्स, आईटी, ऑटो, सर्विसेज और कैपिटल गुड्स की 0.52 प्रतिशत तकी गिरावट को छोड़कर शेष 15 समूहों में तेजी रही। इस दौरान दूरसंचार 2.62, कमोडिटीज 0.96, सीडी 0.14, ऊर्जा 1.19, एफएमसीजी



0.37, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 0.49, यूटिलिटीज 0.47, बैंकिंग 0.89, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.24, धातु 1.04, तेल एवं गैस 1.13, पावर 0.13, रियल्टी 0.65 और टेक समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.17, जर्मनी का डैक्स 0.67, जापान का निक्केई 0.21, हांगकांग का हैंगसेंग 0.09 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 32 अंक फिसलकर 67,188.64 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,053.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 67,565.41 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 67,221.13 अंक के मुकाबले 0.37 प्रतिशत चढ़कर 67,466.99 अंक पर रहा।

निफ्टी चार अंक उतरकर 19,989.50 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,944.10 अंक के निचले जबकि 20,096.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 19,993.20 अंक की तुलना में 0.38 प्रतिशत की तेजी लेकर 20,070.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 2.72, टाइटन 2.42, इंडसइंड बैंक 1.82, एक्सिस बैंक 1.56, एसबीआई 1.39, एनटीपीसी 0.98, पावरग्रिड 0.94, टाटा मोटर्स 0.83, रिलायंस 0.61, टाटा स्टील 0.50, एचडीएफसी बैंक 0.43, अल्ट्रासिमको 0.36, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.27, विप्रो 0.20 और सन फार्मा 0.10 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.34, एलटी 1.18, नेस्ले इंडिया 0.76, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.61, टेक महिंद्रा 0.42, टीसीएस 0.42, मारुति 0.38, एचसीएल टेक 0.32, इंफोसिस 0.26 और आईसीआईसीआई बैंक ने 0.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## संसद के विशेष सत्र से पहले नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है।

आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

आपको बता दें कि अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसे कि पहले हुआ करती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

## किम ने रूस के साथ संबंधों को बताया पहली प्राथमिकता, बोले– हमारी दोस्ती की जड़े हैं गहरी

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस के साथ प्योंगयांग के संबंधों को अपने देश की पहली प्राथमिकता बताया। किम जोंग उन ने रूस के वोस्तोचन स्पेसपोर्ट पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में कहा, "हमारी दोस्ती की जड़ें गहरी हैं, और हमारे देश के लिए अब पहली प्राथमिकता रूस के साथ संबंध हैं।" उत्तर कोरियाई नेता ने उन्हें निमंत्रण देने के लिए रूसी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और कहा,"यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण समय में हो रही है।"

किम जोंग ने कहा, "हम (रूस के साथ) संबंधों को



और विकसित करना चाहते हैं। हमने हमेशा राष्ट्रपति पुतिन के सभी फैसलों और रूसी सरकार के फैसलों का समर्थन किया है।" श्री किम ने यह भी विश्वास जताया कि यह बैठक रुस और उत्तर कोरिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया 'साम्राज्यवाद' के खिलाफ लड़ाई में हमेशा रूस के साथ रहेगा।

# बीजेपी मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी: जी20 समिट की सफलता के लिए भव्य स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा मुख्यालय में पीएम मोदी के विशेष स्वागत की तैयारी की गई थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य शीर्ष नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस बीच भाजपा संसदीय बोर्ड की ओर से एक प्रस्ताव पारित कर भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के समापन पर पीएम मोदी को बधाई दी गई।

भाजपा संसदीय बोर्ड ने जी20 शिखर सम्मेलन की ऐतिहासिक और अभूतपूर्व फलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। भाजपा के प्रस्ताव में कहा गया कि जी20 शिखर सम्मेलन भारत की कूटनीति में महत्वपूर्ण अध्याय, वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को लेकर क्रांतिकारी क्षण था। जी20 सम्मेलन व्यापक मुद्दों चाहे अर्थव्यवस्था हो, भू राजनीति हो, प्रौद्योगिकी हो या अन्य विषय हों, पर दुनिया को साथ लाया।

मुख्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा था। सभी पीएम काफी देर से पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए इंतजार कर रहे थे। इसके बाद जब पीएम आए तो लोगों ने पीएम मोदी के काफिले पर फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया। पीएम ने भी लोगों को निराश नहीं किया। पीएम मोदी ने गाड़ी से उतरकर पैदल



चलकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया।

इसके अलावा दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर आज पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की अहम बैठक भी चल रही है। बताया गया है कि इस मीटिंग में चुनाव वाले तीन राज्यों– मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान को लेकर भाजपा की रणनीति पर चर्चा हो रही है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत उएउ सदस्य और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मौजूद हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान अचूक सुरक्षा प्रदान करने में अहम योगदान देने वाले दिल्ली पुलिस के लगभग 450 कर्मियों को शनिवार को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इसके लिए जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल 'भारत मंडपम' क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रीय प्रभारियों से उनकी टीम में से पांच–छह पुलिसकर्मियों के नाम भेजने का अनुरोध किया गया है।

इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें हाल ही में सम्पन्न हुए जी20 शिखर सम्मेलन की बड़ी सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना की गई और देशवासियों की ओर से उन्हें बधाई दी गई।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह प्रस्ताव पेश किया। इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और जीवनशैली के लिए पर्यावरण (मिशन लाइफ) के बाद जी20 सम्मेलन में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की शुरुआत का जिक्रकरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 'वैश्विक गठबंधन पुरुष' (मैन ऑफ ग्लोबल एलायंस) के रूप में उभरे हैं।

## गाजियाबाद : सातवें फ्लोर के फ्लैट में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद ,(एजेंसी)।** गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में एक सोसाइटी के अंदर बने टावर के सातवें फ्लोर के फ्लैट में रात डेढ़ बजे के आसपास आग लगने की सूचना फायर विभाग को मिली। मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया और अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू भी किया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

गाजियाबाद के फायर विभाग से मिली सूचना के मुताबिक, फायर स्टेशन वैशाली में रात करीब 1.36 बजे एक्सप्रेशन टावर कोशाम्बी के फ्लैट नम्बर–709 के सातवें तल में घर में आग की सूचना मिली थी। फायर स्टेशन वैशाली से दो फायर टैंकर यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

घटनास्थल पर जाकर देखा गया की घर से आग की लपटे और काला धुआँ बहुत तेजी से बाहर आ रहा था। धुआँ इतना ज्यादा था कि फायर फाइटिंग करने में परेशानी हो रही थी, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद उस पर काबू पा लिया गया।

आग फ्लैट निवासी अभिजीत के घर पर लगी थी। घर में रखे बैड, सोफा, टिन अलमीरा तथा फ्रिज आदि समान जलकर नष्ट हो गए। धुएं के कारण आस–पास के फ्लैटो में फंसे लोगो को फायर यूनिट ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# उज्ज्वला योजना के विस्तार को 1650 करोड़ मंजूर

### 75 लाख महिलाओं को मिलेंगे फ्री गैस कनेक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तार के लिए 1650 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है जिससे अगले तीन वर्ष में 75 लाख नए रसोई गैस– एलपीजी कनेक्शन दिए जाएगें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2025–26 तक तीन वर्षों में 75 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसका कुल व्यय 1650 करोड़ रुपये होगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि गरीब परिवारों को एलपीजी कनेक्शन से स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच मिलेगी, जिससे लकड़ी, कोयला, गोबर आदि जैसे खाना पकाने के ईंधन के पारंपरिक स्रोतों के उपयोग के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इससे महिलाओं की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुछ पात्र परिवारों के पास अभी भी एलपीजी कनेक्शन नहीं है। इसके कारण बढ़ती जनसंख्या, विवाह, प्रवासन, परिवारों का विभाजन, बचे हुए घर, अत्यंत दूरस्थ स्थान आदि है।

उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2023 तक 15 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन की मांग थी। पीएमयूवाई से देश में एलपीजी की पहुंच बढ़ाने में प्रमुख योगदान दिया है।

## दो पक्षों के बीच गोलीबारी, पांच की मौत, तीन घायल, खेत से पशु भगाने को लेकर हुआ था विवाद



**दतिया, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के दतिया जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आज दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रेंडा गांव में सुबह दो पक्षों के बीच विवाद के बाद हुई गोलीबारी में दोनों पक्षों के पांच लोगों की मृत्यु हो गई और तीन घायल हो गए, जिन्हें दतिया के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि एक ही गांव के दो परिवारों के बीच तीन दिन पूर्व खेत से मवेशी भगाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के लिए आज दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराना था, लेकिन इससे पूर्व ही दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

## सपा नेता आजम खान के कई ठिकानों पर आईटी की छापेमारी, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**रामपुर ,(एजेंसी)।** सपा नेता आजम खान की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। आजम खान के ठिकानों पर इनकम टैक्स ने सुबह से छापेमारी शुरु कर दी है। ये छापेमारी रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ और आईटी में कुछ जगहों पर चल रही है।

आजम खान का अल जौहर ट्रस्ट भी आईटी के रडार पर है। रामपुर में आईटी की बड़ी टीम सर्चिंग में जुटी है। आजम खान के ठिकानों पर बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है। हालांकि, अभी तक आयकर विभाग की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। आयकर विभाग की कई टीमें अलग अलग जगहों पर छापेमारी में जुटी हैं।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। आजम खान को हेट स्पीच के मामले में सजा भी सुनाई जा चुकी है। इसके चलते उनकी विधानसभा सदस्यता भी रद्द हो गई थी। इसके अलावा आजम खान की रामपुर में मौलाना अली जौहर नाम की यूनिवर्सिटी भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। इसी यूनिवर्सिटी को मौलाना मुहम्मद अली जौहर ट्रस्ट संचालित करता है। आरोप है कि आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी को बनाने के लिए तमाम जमीन अधिग्रहण की थी।

# दर्दनाक हादसा : सडक़ किनारे खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 11 की मौत

**जयपुर ,(एजेंसी)।** भरतपुर में हुए एक दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 21 पर हंतारा के पास सुबह 5.30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई।

मरने वालों में 6 महिला और 5 पुरुष शामिल हैं। सभी मृतक भावनगर गुजरात निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार बस भावनगर से मथुरा जा रही थी। सुबह भरतपुर–आगरा हाईवे पर अचानक बस खराब हो गई। ड्राइवर और उसके साथी समेत अन्य यात्री भी बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी बस को सही कर रहे थे कि इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मारी और किनारे खड़े लोगों को कुचलते निकल




गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सडक़ पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो पुलिस को कॉल किया और एम्बुलेंस को बुलाया। सभी के शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

सूचना मिलने पर नदबई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों और मृतकों को आरबीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिली है कि गुजरात के भावनगर से प्राइवेट बस में सवार होकर यात्री मथुरा वृंदावन के दर्शन करने के लिए आ रहे थे कि हंतरा पुल के पास इनकी बस खराब हो गई। बस खराब होने के बाद कुछ यात्री बस के नीचे उतर कर खड़े हो गए और कुछ यात्री बस में ही बैठे थे। इतने में ही तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने उनकी बस में टक्कर मार दी। सूचना पर भरतपुर जिला कलेक्टर लोक बन्धु ऋरू अस्पताल पहुंचे हैं। घायलों के उपचार को लेकर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर एसपी मृदुल कच्छावा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है।

गुजरात के भावनगर निवासी घायल बाला भाई ने बताया कि वह भावनगर से हरिद्वार जा रहे थे। अम्बा रम्बाई, भावनगर में उनके गांव और आसपास के क्षेत्र से पूरी श्रद्धालुओं की मंडली बस में मौजूद थी, जिनमें 55 से 57 पुरुष और महिला श्रद्धालु शामिल थे। बस का डीजल खत्म हो गया था, तो बस हाइवे पर खड़ी हुई थी। डीजल का इंतजाम करने में ड्राइवर कंडक्टर लगे हुए थे। कुछ सवारियां नीचे उतरी हुई थीं। जबकि कुछ बस में सो रही थीं, तभी अचानक पीछे से ट्रेलर वाहन ने टक्कर मार दी और वह बस को चीरते हुए आगे निकल गया।

## सनातन मामले पर अनोखा विरोध: मंदिर की सीढ़ियों पर लगाई उदयनिधि की फोटो, पैर साफ करके जा रहे भक्त

**इंदौर ,(एजेंसी)।** सनातन धर्म पर विवादित बयान देने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन का देशभर जमकर विरोध हो रहा है। देश में कहीं बैठकें बुलाकर रोष जताया जा रहा है तो कहीं पुलिस के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।दिल्ली–यूपी, मुंबई के बाद अब मध्य प्रदेश में भी उदयनिधि का अनोखे तरीके से विरोध किया जा रहा है। यहां पर लोगों ने मंदिर की सीढ़ियों पर उदयनिधि की फोटो लगाई है, जिस पर भक्त पैर रखकर आते–जाते हैं और अपना रोष जा रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों सनातन धर्म को लेकर उदयनिधि स्टालिन ने विवादित टिप्पणी की थी, जिसके चलते उनका पूरे देश में विरोध शुरू हो गया। अब इंदौर में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने एक मंदिर की सीढ़ी पर उदयनिधि स्टालिन की तस्वीर लगा दी। अब जो भी भक्त यहां भगवान के दर्शन करने के लिए मंदिर में आते हैं, पहले उदयनिधि की फोटो पर पैर रखकर पैर साफ कर रहे हैं, उसके बाद मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। बता दें कि प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने सनातन धर्म पर इस तरह की टिप्पणी करने वालों को डेंगू और मलेरिया कहकर संबोधित किया है।

# बेन स्टोक्स ने बल्ले से मचाया गदर, जड़ा तूफानी शतक



नई दिल्ली, न्यूजीलैंड की टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर हैं, जहां वे अब चार मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है। लंदन के केनिंग्टन द ओवल में आज दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा मैच खेला जा रहा है।

न्यूजीलैंड ने जीता टॉस–

मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऐसे में अंग्रेजी बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड गेंदबाजों को जमकर धोया। हालांकि इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और ओवर की पहली ही गेंद पर ट्रेंट बोल्ट ने जॉनी बेयरस्टो को पवेलियन भेजा।

इंग्लैंड की शुरुआत रही खराब–

13 रन पर टीम जो रूट के रूप में अपना दूसरा विकेट गंवा बैठी। इसके बाद क्रीज पर डेविड मालन और बेन स्टोक्स की जोड़ी आई, जिन्होंने बल्ले से कोहराम मचा दिया। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 165 गेंदों में 199 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की।

शतक से चूके मालन–

इसके बाद मालन 95 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का के साथ 96 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जोस बटलर के साथ मिलकर स्टोक्स ने चौथे विकेट के लिए भी 46 गेंदों में 78 रन जोड़े। बाद में स्टोक्स ने लियाम लिविंगस्टोन पांचवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 46 रन जोड़े।

स्टोक्स ने रचा इतिहास–

स्टोक्स इस मैच में 124 गेंदों में 146.77 के स्ट्राइक रेट से 15 चौके और 9 छक्कों लगाकर अपने बल्ले से 182 कूटे। वे वनडे में 12वां सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी हैं। 44वें ओवर की तीसरी गेंद पर बेन लिस्टर ने विल यंग के हाथों कैच से स्टोक्स को पवेलियन भेजा, लेकिन तब तक स्टोक्स अपना काम कर चुके थे।

इंग्लैंड के लिए जड़ा सबसे बड़ा स्कोर–

स्टोक्स की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 368 रन का लक्ष्य रखा है। ऐसे में स्टोक्स इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। स्टोक्स ने पांच साल बाद वनडे में शतक जड़ा है।

### पराग्वे के गोमेज़ वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेलेंगे

लीमा, पराग्वे के मिडफील्डर डिएगो गोमेज़ चोट के कारण वेनेजुएला के खिलाफ अपनी टीम के फीफा विश्व कप क्वालीफायर से बाहर हो गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पैराग्वे फुटबॉल एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि 20 वर्षीय खिलाड़ी को सप्ताहांत में राष्ट्रीय टीम के साथ प्रशिक्षण के दौरान बायीं जांघ में खिंचाव आ गया।

इकाई ने तुरंत इंटर मियामी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन का नाम नहीं बताया।

पराग्वे और वेनेजुएला दोनों दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में होंगे जब वे उत्तरपूर्वी वेनेजुएला के शहर मटुरिन में आमने–सामने होंगे।

गुआरानीज़ ने अपने अभियान की शुरुआत पेरू के खिलाफ गोलरहित घरेलू ड्रा के साथ की, जबकि वेनेजुएला को पिछले गुरुवार को कोलंबिया से 1–0 से हार का सामना करना पड़ा।

# सोशल मीडिया पर सुपरहिट हुआ भारतीय क्रिकेटर्स का डांस वीडियो



नई दिल्ली, एशिया कप सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में भारत का मुकाबला श्रीलंका से हुआ। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

**रोहित शर्मा ने खेली तूफानी पारी–**

कप्तान रोहित शर्मा ने शुभमन गिल के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। रोहित शर्मा ने 44 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने 48 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के के साथ 53 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए शुभमन गिल के साथ 67 गेंदों में 80 रन जोड़े।

बड़ा कमाल नहीं कर सके कोहली–

हालांकि शुभमन गिल र्ँ्ुंल्ल ्'' कोई बड़ा कमाल नहीं कर सके। इसके बाद विराट कोहली भी जल्द पवेलियन लौट गए। श्रीलंकाई स्पिनर दुनिथ वेलालगे की जादुई फिरकी ने भारत के चार बल्लेबाजों को एक के बाद एक पवेलियन भेजा।

कुलदीप यादव की फिरकी में फंसे श्रीलंकाई बल्लेबाज–

इस बीच भारतीय बल्लेबाजों ने 213 रन का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा स्पिनर कुलदीप यादव ङ४'ीीिस्र 'ि५ ने शानदार 4 विकेट लिए। ऐसे में मैच से कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर–1 कैसे बन सकती है भारतीय टीम?



नई दिल्ली, भारतीय टीम ने मंगलवार को एशिया कप 2023 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए एशिया कप के सुपर–4 राउंड में मेजबान श्रीलंका को 41 रन से मात दी थी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट का अंत चैंपियन बनने के साथ करना चाहेगी।

इसी बीच एक जानकारी सामने आई है कि वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के पास आईसीसी की वनडे टीम रैंकिंग में नंबर–1 बनने का मौका है। 'रोहित ब्रिगेड' इस समय तीसरे स्थान पर काबिज है। चलिए आपको बताते हैं कि भारतीय टीम कैसे नंबर–1 पर पहुंच सकती है।

एशिया कप चैंपियन बनो

भारतीय टीम के लिए सबसे अहम बात यह है कि उसे नंबर–1 के लिए अपने अगले दोनों मुकाबले जीतना जरूरी है। भारतीय टीम का शुक्रवार को बांग्लादेश से मुकाबला होना है।

यह सुपर–4 राउंड में भारत का आखिरी मुकाबला होगा। इस मैच को जीतने के बाद भारतीय टीम को एशिया कप फाइनल भी अपने नाम करना होगा। हालांकि, इससे भारतीय टीम नंबर–1 नहीं बनेगी।

**इस बात का रखना होगा ख्याल**

भारतीय टीम सिर्फ अपने मैच जीतकर ही नंबर–1 नहीं बनेगी। इसके लिए 'रोहित सेना' को अन्य मैचों के नतीजे पर भी निर्भर रहना होगा।

# प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने से पाकिस्तान टीम में हुआ बड़ा बदलाव, इस खूंखार पेसर को मिला मौका

नई दिल्ली, एशिया कप सुपर 4 के पहले मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 288 रन से करारी शिकस्त दी। बारिश के कारण भारत–पाकिस्तान मैच के लिए रिजर्व डे भी घोषित किया गया था।

दो गेदबाज हुए चोटिल–

रिजर्व डे पर विराट कोहली ॠ१३ डङ्कँ' और केएल राहुल ङ्छ फँ४' ने तीसरे विकेट के लिए 233 रन की बड़ी पार्टनरशिप की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 356 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके पीछे एक कारण यह भी था कि पाकिस्तान के दो बड़े गेंदबाज इस मैच में चोटिल हुए। पाकिस्तान के लिए ये गेंदबाज काफी अहम खिलाड़ी हैं।

रिजर्व डे पर नहीं खेले कोहली–

हैरिस रउफ़ ने रिजर्व डे के दिन गेंदबाजी नहीं की और नसीम शाह ठंर्शी र्ँ बीच मैच चोटिल हो गए। ऐसे में अब पाकिस्तान को वर्ल्ड कप से कुछ दिन पहले बड़ा झटका लग सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड



(पीसीबी) ने दोनों गेंदबाजों के फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है।

जमान खान को मिसा मौका–

नसीम शाह को भारत के खिलाफ मैच में दांए कंधे में चोट लग गई थी, जिसके चलते अब वो एशिया कप से बाहर हो गए हैं। नसीम शाह की जगह अब तेज गेंदबाज जमान खान को एशिया कप टीम में हिस्सा लेंगे। वहीं, अगले महीने शुरू होने वाले वर्ल्ड कप को देखते हुए नसीम मेडिकल पेनल की निगरानी में हैं।

वर्ल्ड कप से पहले स्वस्थ होने की कोशिश–

भारत के खिलाफ रिजर्व डे पर हैरिस रउफ़ ल्ं१२ फं४ऋ भी अपनी कमर की दांए तरफ दर्द के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके, जिस पर पीसीबी अपनी नजर बनाए हुए है। वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। वहीं डॉक्टरों की टीम दोनों गेंदबाजों को वर्ल्ड कप से पहले स्वस्थ करने के लिए हर संभव मदद प्रदान करेगी।

## फिल्मी दुनियां

# अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर भी जारी



साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2– द रूल की रिलीज डेट आखिरकार सामने आ गई है. यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. हाल में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करते हुए एक ऑफिशियल पोस्टर जारी किया गया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है.

देशभर के दर्शक आइकोनिक पुष्पा–द राइज के सीक्वल की रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अल्लू अर्जुन ने हाल ही में 69वें नेशनल अवॉर्ड में पुष्पा के किरदार के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है. उनके फैंस का उत्साह पुष्पा 2 की शूटिंग की झलकियों के साथ चरम पर है, जिसे अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक हैंडल पर शेयर किया है. न सिर्फ दर्शक, बल्कि ट्रेड जगत भी पुष्पा 2 के पूरे भारत के सिनेमाघरों में आने वाले दर्शकों के इंतज़ार में है.

पुष्पा– द राइज़ ने बॉक्स ऑफिस पर एक ऐतिहासिक लहर पैदा की थी और यह महामारी के बाद की टर्नअराउंड फिल्म थी जिसने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाया था. फिल्म ने अपने जबरदस्त डायलॉग्स, कहानी और दिल जीतने वाले गाने से पूरे देश में धूम मचा दी है.पुष्पराज का अल्लू अर्जुन द्वारा निभाया गया किरदार भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा प्यार पाने वाले किरदारों में से एक बन गया है, क्योंकि वह हर भाषा या तबके के लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया है. जाने माने निर्देशक सुकुमार द्वारा बनाई गई दुनिया ने कल्ट का स्टेटस हासिल किया है, जिसे और भी बड़े सीक्वल के लिए तैयार किया गया है.

### क्लासी लुक में मानुषी छिल्लर ने खींचा ध्यान, फ्लोर पर बैठ चलाया अदाओं का जादू

मानुषी छिल्लर का बॉलीवुड डेब्यू बेशक कुछ खास न रहा हो, लेकिन एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं का जादू तो देशभर के लोगों पर चला ही दिया है. आज मानुषी के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई हैं. ऐसे में अब फिर से मानुषी ने अपनी अदाएं दिखाते हुए इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. मानुषी ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं. इनमें एक्ट्रेस काफी क्लासी लुक में दिख रही हैं. मानुषी ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है. मानुषी ने अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए कई पोज दिए हैं. अब मानुषी के चाहने वालों की नजरें उनकी इन अदाओं पर भी टिकी रह गई है. फैंस ने एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधते हुए खूब कमेंट्स किए हैं. कुछ ही मिनटों में मानुषी की तस्वीरों पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं.

# बंबई मेरी जान में मेरे किरदार हबीबा के कई शेड्स हैं : कृतिका कामरा

एक्ट्रेस कृतिका कामरा अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज बंबई मेरी जान की रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने दारा कादरी के भाई–बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बहन हबीबा के किरदार के बारे में खुलासा किया है।

एक्ट्रेस का हबीबा का किरदार शो में एक बेहतर कंट्रास्ट लाता है। वह एक साहसी और आत्मविश्वासी महिला है।कृतिका ने कहा, हबीबा कई शेड्स वाली महिला है।

वह अपने पिता की तरह जिद्दी है, दारा की तरह साहसी है और बेहद वफादार है। साथ ही भाई–बहनों में सबसे छोटी और अकेली महिला है। वह अपने भाई दारा को अपना आदर्श



मानती है और उनके साथ एक स्पेशल बॉन्ड साझा करती है जो उसके निर्णयों और कार्यों को भी प्रभावित करता है।एक्ट्रेस ने कहा, उनकी तरह ही वह भी सत्ता पाने की महत्वाकांक्षा रखती हैं। शुरू से ही आप देखते हैं कि वह अल्फ़ा है। जैसे–जैसे शो आगे बढ़ता है, हमें इसकी झलक मिलती है कि वह कैसे सोचती है और उसकी महत्वाकांक्षाएं क्या हैं, जिससे एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।सीरीज में केके मेनन, अविनाश तिवारी, निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर भी शामिल हैं।

# वेणु थोट्टेमपुडी अथिधि 19 सितंबर से डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी

बहुमुखी अभिनेता वेणु थोट्टेमपुडी वेब श्रृंखला अथिधि से अपनी डिजिटल एंट्री कर रहे हैं। यह वेब सीरीज लोकप्रिय ओटीटी कंपनी डिज्नी प्लस हॉट स्टार स्पेशल में आ रही है। हाल ही में डिज्नी प्लस हॉट स्टार की सेव द टाइगर्स, सैटन और दयास जैसी सीरीज सुपरहिट हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में अतिथि से दर्शकों के बीच अच्छी उम्मीदें बन रही हैं. इस वेब सीरीज का निर्माण रैंडम फ्रेम्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्देशक भरत व्याजी द्वारा किया जा रहा है। मशहूर निर्देशक प्रवीण सत्तारु शो रनर की भूमिका निभा रहे हैं। डिज़्नी ने आज अतिधि वेब श्रृंखला की स्ट्रीमिंग तिथि की घोषणा की है। अतिथि वेब सीरीज 19 सितंबर से स्ट्रीम होगी। वहीं हाल ही में रिलीज हुई अतिथि वेब सीरीज के फर्स्ट लुक ने



उत्सुकता पैदा कर दी है। अब तारीख की घोषणा के दौरान टीजर जारी किया गया. इस टीजर में हीरो एक ऐसी महिला का स्वागत करता है जो भारी बारिश में भीगने के बाद देर रात घर आती है. इसके बाद उनके बीच नजदीकियां बढ़ती हैं. इस बीच टीज़र दिलचस्प तरीके से उसके व्यवहार में बदलाव के साथ समाप्त होता है और उसकी चीख आपको झकझोर कर रख देगी।

# कल्याण राम की पीरियोडिक स्पाई थ्रिलर डेविल 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

नंदामुरी कल्याणराम अपने करियर की शुरुआत से ही अनूठी स्क्रिप्ट चुनने में अपनी कुशलता के लिए जाने जाते हैं और अब एक और दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का शीर्षक आश्चर्यजनक रूप से डेविल है जो नायक की क्रूरता को दर्शाता है। और यह टैगलाइन के साथ आता है– द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट। फिल्म की झलक हाल ही में जारी की गई थी और इसने हम सभी को फिल्म से और अधिक उम्मीदें लगाने पर मजबूर कर दिया। दर्शक फिल्म के अपडेट्स का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की रिलीज की तारीख की आज पुष्टि हो गई, जिससे सभी को खुशी हुई। यह फिल्म 24 नवंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ इसका खुलासा किया, जिसमें लिखा है, 24



नवंबर, 2023 को डिकोडिंग। फिल्म में कल्याण राम ने एक सख्त ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट की भूमिका निभाई है जिसे एक रहस्य सुलझाने का काम सौंपा गया है। कल्याण राम, जिन्होंने पिछले साल तेलुगु सिनेमा बिम्बिसार की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बनाई थी, एक और दिलचस्प फिल्म के साथ वापस आ गए हैं।

यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी और निर्माताओं ने हाल ही में हिंदी झलक जारी की है जो धूम मचा रही है। संयुक्ता मेनन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। देवांश नामा द्वारा प्रस्तुत, अभिषेक नामा अभिषेक पिक्चर्स के बैनर तले इस पीरियड ड्रामा का निर्माण कर रहे हैं। नवीन मेडाराम द्वारा निर्देशित, डेविल की कहानी, पटकथा और संवाद श्रीकांत विस्सा द्वारा प्रदान किए गए हैं। हर्षवर्द्धन रामेश्वर फिल्म के लिए संगीत दे रहे हैं। साउंडराजन सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे। इस कथित पीरियड स्पाई थ्रिलर के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com